उज्जैन
शुक्रवार
24
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-261
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 इंदौर में डबल लेयर फ्लाईओवर की पहली लेन शुरू
7 वैभव बने टी-20 इंटरनेशनल के सबसे युवा हाफ संचुरियन

### अनशन तोड़ने के बाद सोनम वांगचुक ने जारी किया वीडियो संदेशः सरकार से मिले तीन लिखित आश्वासन

# आज सीजेपी से बात करेगी सरकार, जगह और टाइम भी तय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

नीट पेपर लीक को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी का आंदोलन जारी है। सोनम वांगचुक ने अपनी भूख हड़ताल खत्म कर दी है। वह पिछले 26 दिनों से नीट पेपर लीक को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे थे। दिल्ली समेत देशभर में विरोध प्रदर्शनों के बीच कॉकरोच जनता पार्टी और सरकार के बीच आज बातचीत होगी। सीजेपी ने कहा कि जंतर-मंतर पर उनका विरोध प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते।

सोनम वांगचुक की 26 दिन की भूख हड़ताल खत्म हो चुकी है। सरकार के आश्वासन के बाद सोनम वांगचुक ने अपनी भूख हड़ताल खत्म करने का फैसला लिया। केंद्र सरकार के साथ बातचीत के लिए कॉकरोच जनता पार्टी तैयार है। सूत्रों के अनुसार, पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल आज दोपहर 12:30 बजे केंद्र सरकार के मंत्रियों से मुलाकात करेगा। सीजपी का एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह से मुलाकात करेगा। सीजेपी के प्रवक्ता सौरव दास के अनुसार, इस बैठक के लिए कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया को चुना गया है।

**सरकार हमसे न्यूट्रल स्थान पर मिलने के लिए सहमतः सीजेपी-** सीजेपी प्रवक्ता वैष्णवी गौर ने कहा, 'सरकार हमसे न्यूट्रल स्थान पर मिलने के लिए सहमत हो गई है। हम अपनी मांगें रखेंगे, जिन पर हम पहले दिन से कायम हैं। धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजा, निर्दोष प्रदर्शनकारियों पर सभी एफआईआर हटाई जाएं और उन पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो जिन्होंने प्रदर्शनकारियों पर बर्बरता की।'

### दिल्ली मेट्रो के 17 स्टेशन रहेंगे बंद

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने आज सुबह 7.30 बजे से लोक कल्याण मार्ग, राजीव चौक, पटेल चौक समेत 17 स्टेशनों को बंद रखने का फैसला किया है। यह बंदी अगले आदेश तक लागू रहेगी। हालांकि, राजीव चौक, मंडी हाउस और सेंट्रल सेक्रेटेरिएट पर इंटरचेंज सुविधा उपलब्ध रहेगी। नीचे देखें कौन-कौन स्टेशन रहेंगे बंद।

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) देशभर में आज पुलिस बर्बरता के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेगी। सीजेपी ने अपील की है कि छात्र संघों को हर जिले में एकत्र होकर छात्रों की मांगें पढ़नी होंगी। अनुमति व व्यवस्था करनी होगी। सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने लोगों को संबोधित करते हुए दावा किया कि सरकार के प्रतिनिधियों ने जंतर-मंतर पर आने से मना कर दिया। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि अभी भी मंत्री जितेंद्र सिंह बोल रहे हैं कि केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के घर पर बातचीत के लिए बुलाया। आशुतोष ने जनता से हामी भरवाते हुए पूछा कि जाना चाहिए की नहीं।



### दो दिनों की बातचीत और लिखित आश्वासन

- सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने सरकार से लिखित आश्वासन मिलने के बाद 26 दिन से जारी अपना अनशन समाप्त कर दिया है। सरकार ने छात्रों पर कार्रवाई नहीं करने, पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने और नीट पेपर लीक व परीक्षा सुधार पर संसद में चर्चा कराने का भरोसा दिया है।
- नीट पेपर लीक मामले में देशभर के युवाओं में उपजे आक्रोश और राजनीतिक दलों के लगातार प्रदर्शनों के बीच सरकार एक्शन मोड में आ गई है। गुरुवार सुबह से लेकर देर रात तक सरकार ने कई बड़े फैसले लिए और कई घोषणाएं कीं। इसी घटनाक्रम के बीच, सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने अपने अनशन के 26वें दिन देर रात लगभग 12:30 बजे अपना अनशन समाप्त कर दिया।
- सोनम वांगचुक ने जानकारी दी कि केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, जितेंद्र सिंह और लद्दाख की एपेक्स बॉडी के शीर्ष नेता उनसे मिलने पहुंचे थे। इससे पहले विभिन्न राजनीतिक दलों के लगभग 65 सांसदों ने एक पत्र पर हस्ताक्षर करके सोनम वांगचुक से अनशन समाप्त करने का अनुरोध किया था। सांसदों और मंत्रियों ने उन्हें भरोसा दिलाया था कि नीट पेपर लीक और देश की परीक्षा प्रणाली के मुद्दे पर संसद में चर्चा की जाएगी।
- सोनम वांगचुक ने बताया कि पिछले दो दिनों से सरकार और उनके बीच बातचीत चल रही थी। वे सरकार से लिखित में आश्वासन चाहते थे, जिसकी वजह से उन्हें दो दिन अतिरिक्त अनशन पर बैठना पड़ा। आखिरकार, सरकार ने उनकी मांगों पर लिखित आश्वासन दे दिया, जिसके बाद उन्होंने अनशन खत्म करने का निर्णय लिया।

## पीएम का रात 12 बजे छात्रों के लिए वीडियो संदेश में कहा- पेपर लीक पर कैबिनेट सख्त फैसला लेगी, जल्द बिल पास कराएंगे

प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार आधी रात 12 बजे छात्रों के लिए वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि सरकार पेपर लीक के खिलाफ कड़ी सजा का प्रावधान करने वाला कानून बनाएगी।

पीएम ने बताया कि कैबिनेट में इससे जुड़े मसौदे पर आज चर्चा होगी और सख्त फैसले लिए जाएंगे। मंजूरी मिलने के बाद इसे अगले हफ्ते संसद में पेश किया जाएगा। साथ ही इसे जल्द पास कराने की कोशिश होगी।



पीएम मोदी ने एक्स हैंडल पर 2.56 मिनट का एक वीडियो मैसेज पोस्ट किया। कहा- पेपर लीक कोई मामूली विषय नहीं है। लाखों छात्रों, उनके माता-पिता के लिए पीड़ादायक है। इसलिए पेपर लीक से अब तक, पिछले ढाई महीनों में कई कदम उठाए हैं। गुनहगारों को पकड़ा है, वे जेल में हैं। हमारी जिम्मेदारी थी कि छात्रों का साल बर्बाद न हो, इसलिए कम समय में 22 लाख छात्रों का एग्जाम कराया। 19 जुलाई को रिजल्ट भी आ गया। उन्होंने यह भी कहा- हम इतने से संतोष करने वाले नहीं हैं। इसलिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने का निर्देश दिया है। विभागों ने देर रात मुझे मसौदा भेजा है। इसमें फास्ट ट्रैक कोर्ट और कठोर सजा के प्रावधान हैं। इस पर शुक्रवार को कैबिनेट के बीच चर्चा होगी।

- **पीएम के वीडियो संदेश पर राहुल ने कहा- प्रधान को हटाएं-** राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में इसे आधी रात का बेकार वीडियो बताया। उन्होंने लिखा- मिस्टर मोदी, हमारे छात्र धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। आधी रात के इस बेकार वीडियो से उनकी समझदारी का अपमान न करें। प्रधान को हटाएं, छात्रों को पीटने वालों को सजा दें और माफी मांगें। सीजेपी ने कहा है कि परीक्षा में गड़बड़ी के खिलाफ सरकार जो सबसे सख्त कार्रवाई कर सकती है, वह केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान को हटाना है। सीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा- मोदी जी, कल ही धर्मेंद्र प्रधान को हटा दीजिए। यही सबसे सख्त कार्रवाई है जो आप कर सकते हैं।
- **पीएम ने गुरुवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने का ऐलान किया था-** पीएम मोदी ने गुरुवार को ही पेपर लीक केस के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाने की बात कही थी। दरअसल, यह पूरा मामला 3 मई को हुए नीट-यूजी पेपर लीक से जुड़ा है। इसी नीट-यूजी पेपर लीक के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक महीने से कॉकरोच जनता पार्टी प्रदर्शन कर रही है। सोनम वांगचुक ने 26 दिन अनशन किया और संसद में सांसद हंगामा कर रहे हैं। फिलहाल मामले की जांच सीबीआई कर रही है। इसमें महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली समेत कई राज्यों में पड़ताल हुई। अबतक 13 आरोपी पकड़े गए हैं। सीबीआई जल्द ही इस चार्जशीट फाइल कर सकती है।

## दुनिया में गहराया खाद्य संकट

### भूख और महंगाई ने करोड़ों लोगों की थाली से छीना पौष्टिक भोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दुनिया में खाद्य सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर चिंता सामने आई है। संयुक्त राष्ट्र की ताजा स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड 2025 रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 में दुनिया भर में लगभग 64.5 करोड़ लोग भूख का सामना कर रहे थे। यह संख्या कोविड-19 महामारी से पहले वर्ष 2019 की तुलना में करीब 6.1 करोड़ अधिक है। रिपोर्ट बताती है कि जलवायु परिवर्तन, महंगाई, बढ़ती खाद्य कीमतें, वैश्विक व्यापार विवाद और भू-राजनीतिक तनाव ने करोड़ों लोगों के लिए पौष्टिक भोजन तक पहुंच मुश्किल बना दी है।

रिपोर्ट के अनुसार भूख की समस्या अब केवल भोजन की उपलब्धता तक सीमित नहीं रह गई है। बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी हैं जिनकी थाली में भोजन तो है, लेकिन वह पर्याप्त पोषण नहीं दे पा रहा। वर्ष 2025 में दुनिया का हर तीसरा व्यक्ति स्वस्थ और संतुलित भोजन खरीदने में सक्षम नहीं था। वर्ष 2017 के बाद से पौष्टिक भोजन की कीमतों में लगभग 45 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे कम आय वाले परिवारों पर सबसे अधिक असर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में एक महत्वपूर्ण बदलाव भी दर्ज किया गया है। पहली बार अफ्रीका भूख से सबसे अधिक प्रभावित महाद्वीप बन गया है और उसने एशिया को पीछे छोड़ दिया है।

## 250 करोड़ रुपये की ठगी के सरगना की अय्याशी का वीडियो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कानपुर

कानपुर में 250 करोड़ के साइबर फ्रॉड के मामले में राजवीर सिंह और शिवम सिन्हा की गिरफ्तारी के बाद पुलिस की जांच में बेहद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह का मास्टर माइंड अभय शुक्ला उर्फ सुल्तान मिर्जा दुबई के पब में रशियन पर ठगी से कमाई रकम उड़ाता था।

**दुबई के डिस्को में रशियन पर उड़ाए नोट, अकाउंट फ्रीज होने पर खुद भरता था पैसा**

जेल गए आरोपी शिवम सिन्हा के मोबाइल डाटा रिकवर में पुलिस के हाथ 2 वीडियो लगे हैं, जिसमें वह डिस्को में बार बाला के साथ झूमते हुए उनपर नोट उड़ा रहा है। वहीं अभय ठगी की रकम का 60 प्रतिशत अपने पास रखता था। क्योंकि अकाउंट फ्रीज होने पर रकम खुद अभय भरता था।

एक मिनट 12 सेकेंड के वीडियो में अभय डिस्कोथेक में एक रिंगनुमा बने स्टेज पर बॉलीवुड सांग पर एक 2 रसियन डांसर थिरकती दिख रही हैं। इसमें एक डांसर के साथ चश्मा लगाकर अभय शुक्ला डांस करता दिख रहा है। अभय ने प्रिंटेड कपड़े पहन रखे हैं।

अभय के हाथ में नोटों की गड्डियां है और रसियन के हर स्टेप पर नोट उड़ा रहा है। वीडियो में पूरा स्टेज नोटों से पटा हुआ दिखाई दे रहा है। अभय शुक्ला के साथ एक अन्य युवक भी झूम रहा है। इसके बाद डिस्कोथेक में मशहूर बॉलीवुड सांग शरारा, शरारा, बजते ही अभय बिंदास अंदाज से रसियन डांसर पर नोट उड़ाता दिख रहा है।

## इस बार 119 दिनों का रहेगा चातुर्मास

### 25 जुलाई से शुरू होकर 20 नवंबर को होगा समापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में चातुर्मास को लेकर श्रद्धालुओं और साधु-संतों में विशेष उत्साह है। वर्ष 2026 में चातुर्मास 25 जुलाई से शुरू होकर 20 नवंबर 2026 तक चलेगा। इस बार चातुर्मास की कुल अवधि 119 दिनों की होगी। इसकी शुरूआत आषाढ़ शुक्ल पक्ष की देवशयनी एकादशी से होगी और कार्तिक शुक्ल पक्ष की देवउठनी या प्रबोधिनी एकादशी के दिन इसका समापन होगा।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु चार महीने के लिए योगनिद्रा में चले जाते हैं। इस दौरान पूजा-पाठ, जप, तप, दान और सेवा का विशेष महत्व माना जाता है। चातुर्मास का समापन देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु के जागने के साथ होता है।

#### धार्मिक आयोजनों की रहेगी धूम

चातुर्मास की अवधि में श्रावण, भाद्रपद, आश्विन और कार्तिक जैसे पवित्र महीने आते हैं। इस दौरान उज्जैन में धार्मिक गतिविधियां और पर्वों का विशेष महत्व रहेगा। श्रावण मास में भगवान महाकाल की सवारियां, नाग पंचमी, रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, गणेशोत्सव, पितृ पक्ष, शारदीय नवरात्रि, विजयादशमी, करवा चौथ और दीपावली जैसे प्रमुख पर्व मनाए जाएंगे। विशेष रूप से श्रावण-भादौ मास में बाबा महाकाल की सवारियों के चलते उज्जैन में देशभर से श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

#### मांगलिक कार्यों पर रहेगी रोक

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार चातुर्मास के दौरान भगवान विष्णु के योगनिद्रा में रहने के कारण विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, जनेऊ संस्कार और अन्य बड़े मांगलिक कार्यों पर रोक रहती है। देवउठनी एकादशी के बाद भगवान विष्णु के जागने और तुलसी विवाह के साथ मांगलिक कार्यों का शुभारंभ होता है।

### उत्तरप्रदेश में गंगा, यमुना समेत 10 नदियां उफान पर

# गुजरात में कई जिले बाढ़ की चपेट में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पूरे देश में मानसून की बारिश जारी है। दक्षिण गुजरात में भारी बारिश से कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। उमरगाम तालुका में 16 घंटों में 43 इंच बारिश हुई, जिससे निचले इलाके डूब गए हैं। शुक्रवार को राज्य के 11 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

यूपी में पिछले 10 दिनों से हो रही बारिश के चलते गंगा, यमुना समेत 10 नदियां उफान पर हैं। शुक्रवार को 54 जिलों में बारिश का अलर्ट है। असम में बाढ़ से 6.53 लाख लोग प्रभावित हैं।

पटना, भोजपुर, बक्सर, गोपालगंज, सारण, वैशाली और सिवान समेत बिहार के 19 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। औरंगाबाद और बक्सर में गुरुवार को बिजली गिरने से 2-2 लोगों की मौत हो गई। वहीं, राजस्थान के बांसवाड़ा और डूंगरपुर समेत 11 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी है।

गुजरात में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने दक्षिण गुजरात के कई जिलों में जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। वलसाड जिले के उमरगाम में महज 28 घंटे के भीतर करीब 43 इंच बारिश दर्ज होने से बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। कई इलाकों में पानी भर जाने के बाद राहत एवं बचाव अभियान तेज कर दिया गया है। अब तक उमरगाम से लगभग 1,200 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है, जबकि सूरत, नवसारी और अन्य प्रभावित क्षेत्रों में भी हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की अतिरिक्त टीमें तैनात की गई हैं। राज्य के राहत आयुक्त गौरव मकवाणा ने बताया कि उमरगाम में अत्यधिक वर्षा के कारण कई रिहायशी क्षेत्रों में पानी भर गया था। इसके बाद बड़े स्तर पर राहत अभियान चलाकर करीब 1,200 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। उमरगाम के अलावा कपराडा और वापी में भी भारी बारिश दर्ज की गई, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ।

## गुजरात में बारिश बनी आफत, 43 इंच बरसात से बाढ़ जैसे हालात, 1200 लोगों को सुरक्षित निकाला



- सूरत शहर में जलभराव की स्थिति को देखते हुए करीब 1,500 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया। वहीं नवसारी जिले में कावेरी नदी में आई बाढ़ के कारण 11 गांवों में फंसे लगभग 200 लोगों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। अधिकारियों के अनुसार अब तक बारिश से जुड़ी एक मौत तापी जिले में डूबने के कारण दर्ज की गई है।
- मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गांधीनगर स्थित राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) पहुंचकर बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सूरत, वलसाड, नवसारी और तापी जिलों के कलेक्टरों से बातचीत कर राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। राज्य सरकार के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मुख्यमंत्री से चर्चा कर केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया है।
- बाढ़ की गंभीर स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने वलसाड में सेना की 70 सदस्यीय टीम, पांच नावें और अग्निशमन विभाग की 25 सदस्यीय टीम तैनात की है। इसके अलावा नई दिल्ली से एनडीआरएफ की दो अतिरिक्त टीमें भी भेजी गई हैं।

### अमेरिका ने भारत पर 10% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने भारत से आयात होने वाले सामान पर 10% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की घोषणा की है। यह फैसला शुक्रवार से लागू हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निर्देश पर अमेरिकी ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव ने फोर्स्ड लेबर (जबरन मजदूरी) से बने सामान के आयात को लेकर 60 देशों पर कार्रवाई की है। अमेरिका ने इन देशों पर 10% से 12.5% तक अतिरिक्त टैरिफ लगाया है। भारत उन 17 देशों में शामिल है, जिन पर 10% अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया है। वहीं बाकी 43 देशों पर 12.5% अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया है। अमेरिका ने यह कार्रवाई ट्रेड एक्ट-1974 की धारा 301 के तहत की है। भारत के अलावा ब्रिटेन, कनाडा, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, मेक्सिको, पाकिस्तान और श्रीलंका समेत कई देशों को 10% टैरिफ वाले समूह में रखा गया है। अमेरिका का कहना है कि इन देशों ने फोर्स्ड लेबर से बने सामान पर प्रतिबंध लगाया है या ऐसा करने की दिशा में कदम उठाए हैं।

### फ्रांस में जंगल की आग के कारण 10 हजार से ज्यादा लोग सुरक्षित निकाले गए

**बोर्डो।** दक्षिण-पश्चिम फ्रांस में तेजी से फैल रही जंगल की आग के कारण रातभर में 10 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। अधिकारियों के मुताबिक, बोर्डो शहर के पश्चिम में लगी आग अब तक करीब 2 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को अपनी चपेट में ले चुकी है। आग पर काबू पाने के लिए करीब 500 दमकलकर्मी जुटे हुए हैं। स्थानीय प्रशासन के अनुसार, आग बेहद तेजी से फैल रही है, हालांकि अब तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। यह आग आकाशों खाड़ी के पास लगी है, जो पर्यटकों के बीच लोकप्रिय इलाका है। आग के कारण निकाले गए लोगों में बड़ी संख्या में कैंपिंग साइट्स पर ठहरे पर्यटक शामिल हैं।

### सराफा व्यापारी को 10वीं के छात्र ने मार डाला, गर्दन पर चाकू से 6 वार किए

**गोरखपुर।** कक्षा 10वीं के छात्र ने 70 साल के सराफा कारोबारी की हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, 19 साल छात्र ने कारोबारी से एक लाख रुपए उधार लिए थे। रुपए न लौटाने पड़ें, इसलिए उसने लिफ्ट देने के बहाने कारोबारी को बाइक पर बैठाया। फिर भगवान राम के दर्शन कराने के बहाने सुनसान जगह ले गया। प्लान के मुताबिक, आरोपी छात्र के दो दोस्त वहां पहले से मौजूद थे। आरोपियों ने कारोबारी की गर्दन पर चाकू से 6 बार वार किए। फिर दोनों हाथ पकड़कर उन्हें करीब 500 मीटर तक घसीटा और राप्ती नदी में फेंककर फरार हो गए। ग्रामीणों ने शव को उतराता देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खगाले तो छात्र कारोबारी को बाइक पर बैठाकर ले जाता दिखा।

### यूएनएससी में सिंधु जल संधि पर भारत का पाकिस्तान को जवाब

**नई दिल्ली।** भारत ने यूएनएससी में पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद ने दोनों देशों के बीच सहयोग का आधार खत्म कर दिया है। भारत ने स्पष्ट किया कि आपसी विश्वास और सद्भावना के बिना सिंधु जल संधि के तहत सहयोग की उम्मीद नहीं की जा सकती। प्राकृतिक संसाधन शासन पर यूएनएससी की हाई-लेवल ओपन डिबेट में पाकिस्तान के बयान का जवाब देते हुए राजदूत हरीश पारवतननेनी ने कहा कि पाकिस्तान ने इस मंच का इस्तेमाल झूठा नैरेटिव फैलाने के लिए किया। उन्होंने कहा कि भारत का सिंधु जल संधि पर रुख स्पष्ट और लगातार एक जैसा रहा है। सीमा पार आतंकवाद को राज्य की नीति के साधन के रूप में इस्तेमाल किए जाने के बीच आपसी विश्वास और सद्भावना के आधार पर सहयोग की उम्मीद नहीं की जा सकती।

### बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन जल्द दे सकते हैं इस्तीफा

**ढाका।** बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन अपने पांच साल के कार्यकाल की समाप्ति से करीब दो साल पहले ही इस्तीफा दे सकते हैं। बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से यह दावा किया जा रहा है। मोहम्मद शहाबुद्दीन ने अप्रैल 2023 में राष्ट्रपति पद संभाला था। जुलाई-अगस्त 2024 में हुए छात्र आंदोलन के बाद अवामी लीग सरकार सत्ता से बाहर हो गई थी। उस आंदोलन के कारण तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़ना पड़ा था। इसके बाद शहाबुद्दीन ही अवामी लीग सरकार के दौर के एकमात्र संवैधानिक पदाधिकारी हैं, जो अब तक अपने पद पर बने हुए हैं। पिछले दो दिनों में उनके इस्तीफे की चर्चा और तेज हो गई है। बांग्लादेश के कई मीडिया संस्थानों ने खबर दी है कि मौजूदा सरकार अब राष्ट्रपति के पद पर शहाबुद्दीन के बने रहने से सहज नहीं है।

### ईरान पर सबसे बड़े हमले की तैयारी में अमेरिका

**तेल अवीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका ईरान पर सबसे बड़ा हमला करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, ₹तैयारी पूरी है, अब सिर्फ फैसला लेना बाकी है।₹ ट्रम्प ने यह भी कहा कि ईरान ने अभी तक पर्याप्त दर्द नहीं झेला है। ट्रम्प के बयान के बाद ईरान ने भी तुरंत जवाब दिया। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अगर अमेरिका ने हमले जारी रखे तो उसे इसकी ₹और भारी कीमत₹ चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि युद्ध खत्म करने का रास्ता बातचीत है, नए हमले नहीं। इधर, ब्रिटेन ने भी अपनी सेना को अलर्ट पर रखा है। ब्रिटिश सरकार का कहना है कि जरूरत पड़ने पर उसकी सेना देश की सुरक्षा के लिए तैयार है।



# भरी बरसात में फ्रीगंज में खुदाई, टाटा की दुहाई हो दुहाई

## पुराने शहर में भी बूरे हाल,गड्ढों में मिट्टी धंसी,अब तक समतल नहीं किया

### फ्रीगंज में इधर से उधर तक किचड ही किचड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

किसी समय शहर का सबसे सुंदर हिस्सा कहे जाने वाले नए शहर के फ्रीगंज की हालत वर्तमान में बदतर होकर रह गई है। इस खुदाई से चारों और किचड ही किचड पसर गया है। भरी बरसात में यह खुदाई की जा रही है और इसी दौरान सभी काम को अंजाम दिया जा रहा है। इसके चलते आवागमन में नई परेशानियां व्याप्त हो गई हैं।

शहर के पुराने हिस्से में खुदाई के कामों को व्यवस्थित किए बगैर ही नए शहर के व्यापारिक केंद्र को टाटा ने लक्ष्य बना लिया है। पुराने शहर में भी वर्तमान में खुदाई एवं सिवरेज के पाईप डालने का काम बराबर जारी है और इसके साथ ही नए शहर के फ्रीगंज में भी यही स्थिति बन गई है। ऐसे में आवागमन के लिए चौतरफा समस्या की स्थिति खडी कर दी गई है।

भरी बरसात में खुदाई के इस काम से चारों तरफ मिट्टी उखेडी जा रही है। इससे किचड ही किचड फैल रहा है। सडकों पर फिसलन की स्थिति बन गई है। छोटी मोटी दुर्घटनाएं इस फिसलन से होना शुरू हो चुकी हैं। कई स्थानों पर चैंबर बनाने के लिए गड्ढों को बेरिकेडस में कवर किया जा रहा है ,जबकि रात्रि के समय में कई बार स्ट्रीट लाईटें भी पर्याप्त नहीं जलने की स्थिति के चलते दुर्घटनाओं की संभावनाएं प्रबल हो रही हैं। शहर के दोनों छोरों पर एक से हाल देखे जा रहे हैं।

### इधर मालीपुरा,उधर कंट्रोल रूम चौराहा

पुराने शहर में मालीपुरा का बडा हिस्सा इन दिनों खुदाई का लक्ष्य है। मालीपुरा से दौलतगंज मार्ग , मालीपुरा से बहादुरगंज मार्ग,प्रेमछाया मार्ग,अस्पताल के पीछे,बहादुरगंज सहित अन्य हिस्सों में कभी खुदाई तो कभी भराई का काम किया जा रहा है। नए शहर के पुलिस कंट्रोल रूम चौराहा से माधवनगर अस्पताल मार्ग, राजस्व कालोनी क्षेत्र,कंट्रोलरूम चौराहा से गुरूद्वारा मार्ग पर खुदाई एवं पाईप डालने के साथ भराई के काम को अंजाम दिया जा रहा है।

### आवागमन बाधित

पुराने शहर का मालीपुरा व्यवसायिक केंद्र है। यहां भी पूरी तरह से किचड की स्थिति बनी हुई है। इसके साथ ही यह देवासगेट बस स्टैंड से सीधे महाकाल और गोपाल मंदिर व्यवसायिक क्षेत्र से जुडा हुआ है। नए शहर का माधवनगर अस्पताल मार्ग पूरे फ्रीगंज में आसपास की 150 से अधिक कालोनियों के आवागमन का मार्ग है। फ्रीगंज के इस व्यवसायिक क्षेत्र में खुदाई से आवागमन बाधित हो रहा है।

## खबर एक नजर...

### दिल्ली में कांग्रेस नेता योगेश यादव और हर्ष जैन गिरफ्तार, राहुल गांधी तक पहुंचा मामला



**उज्जैन।** नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय 24 अकबर रोड जाने के दौरान पुलिस द्वारा छात्रों को रोके जाने का विरोध करने पर पुलिस ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, प्रवक्ता तथा सेवादल प्रभारी योगेश यादव और उज्जैन कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष हर्ष जैन को गिरफ्तार कर लिया। इनके साथ सैकड़ों बालक-बालिकाओं को भी पुलिस ने निजामुद्दीन थाने में बंद कर दिया। हालांकि, बाद में सभी छात्रों और साथियों को रिहा कर दिया गया। उज्जैन कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष हर्ष जैन के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब योगेश यादव और अन्य कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय की ओर जा रहे थे। रास्ते में पुलिस छात्रों को चेकिंग के लिए रोक रही थी। छात्रों को रोका जाता देख योगेश यादव उनके समर्थन में सड़क पर उतर आए और उन्हें साथ लेकर आगे बढ़ने लगे। इसके बाद प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया और निजामुद्दीन थाने ले गई। सामने आए वीडियो में नेता व छात्र प्रदर्शन करते और पुलिस द्वारा उन्हें गाड़ी में बैठाकर ले जाते हुए नजर आ रहे हैं।

### गन्ने से एथेनॉल बनने के कारण शक्कर 10 रुपए किलो महंगी और गाड़ियां हो रहीं खराब

**उज्जैन।** गन्ने से एथेनॉल बनाकर उसे पेट्रोल में मिलाने के कारण आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एथेनॉल वाले पेट्रोल से जहां एक ओर गाड़ियां खराब हो रही हैं, वहीं शक्कर के दामों में 10 रुपए प्रति किलो का उछाल आ गया है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने इन मुद्दों पर केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की है। मुकेश भाटी ने बताया कि पेट्रोल में मिलाने के लिए गन्ने का पूरा उपयोग एथेनॉल बनाने में किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप पिछले दो-चार दिनों में ही शक्कर के भाव में 10 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी हो गई है। उन्होंने शक्कर के दामों पर नियंत्रण करने की आवश्यकता जताई। केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए भाटी ने कहा कि वर्तमान में महंगाई अपने चरम उत्कर्ष पर है। उन्होंने कहा कि एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से लोगों के वाहन खराब हो रहे हैं और शक्कर जैसी आवश्यक वस्तु के दाम बढ़ने से जनता पर महंगाई का बोझ और बढ़ गया है।

### 25 को उज्जैन टेंट हाउस एसोसिएशन का पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित होगा

**उज्जैन।** उज्जैन टेंट हाउस एसोसिएशन के प्रवक्ता कमल लालावत और सह प्रवक्ता दीपेश गोमे ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ऑल इंडिया टेंट वेलफेयर एसोसिएशन दिल्ली और फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन भोपाल के आह्वान पर उज्जैन टेंट हाउस एसोसिएशन द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम 25 जुलाई शनिवार शाम 5 बजे इंदौर रोड स्थित समीर गार्डन पर आयोजित होगा। एसोसिएशन अध्यक्ष योगेश गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव राजेश हार्डिया और वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रशेखर निगम होंगे। परामर्शदाता रईस मंसूरी और विनोद जायसवाल ने बताया कि कार्यक्रम में एसोसिएशन के परामर्शदाता प्रभा शंकर, संगठन सचिव जुलफैज जाफरी और सदस्य फरहान खान संयोजक रहेंगे। संरक्षक कप्तान बोबल और कोषाध्यक्ष फिरोज मंसूरी ने बताया कि कार्यक्रम के पश्चात भोजन की व्यवस्था भी रहेगी।

### उज्जैन की उपेक्षा मोहन सरकार को ले डूबेगी, सिंहस्थ के नाम पर हो रही जन-धन की बबार्दी

**उज्जैन।** मालव रक्षा अनुष्ठान के संयोजक आचार्य सत्यम (सत्यनारायण पुरोहित अधिवक्ता) ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने चेतावनी दी है कि उज्जयिनी की उपेक्षा मोहन सरकार को ले डूबेगी। यदि शिप्रा का परिक्रमा पथ नहीं बना तो आगामी सिंहस्थ के पूर्व ही इस सरकार का निर्गम पथ बन जाएगा। आचार्य सत्यम ने गुरुवार को जारी अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यार्थी आंदोलन केंद्र सरकार को भारी पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि 12 वर्षों से सत्ता में काबिज केंद्र सरकार की निरंकुशता और युवा शक्ति को कुचलने की हिमाकत उसके पतन का कारण बनेगी। उन्होंने कहा कि राम के नाम पर राज करने वालों ने मंदिर में डकैती डालकर स्वयं को जनता की अदालत में धर्मद्रोही के रूप में खड़ा कर दिया है।

### नवनियुक्त एल्डरमैन का बोहरा समाज के सामाजिक कार्यकताओं ने किया सम्मान

**उज्जैन।** नगर निगम के नवनियुक्त एल्डरमैन अशोक देवड़ा का बोहरा समाज के सामाजिक कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। यह सम्मान समारोह नई सड़क स्थित बोहरा समाज के सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा नेता मुस्तफा ए पीठावाला के निवास पर आयोजित किया गया।

# नीट धांधली से आहत छात्रों की आत्महत्या पर युवा कांग्रेस में आक्रोश, प्रधानमंत्री से एक-एक करोड़ मुआवजे की मांग

## शहीद पार्क पर दी श्रद्धांजलि, जिलाध्यक्ष अर्पित यादव ने मांगा शिक्षा मंत्री का इस्तीफा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





नीट परीक्षा में हुई धांधली और पेपर लीक से निराश होकर आत्महत्या करने वाले होनहार छात्रों को युवा कांग्रेस ने स्थानीय शहीद पार्क पर श्रद्धांजलि अर्पित की। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने इस पूरे घटनाक्रम को लेकर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए शिक्षा मंत्री के इस्तीफे, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था और प्रधानमंत्री से पीड़ित परिवारों के लिए एक-एक करोड़ रुपये मुआवजे की मांग की है।

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्पित यादव ने कहा कि नीट पेपर लीक विवाद और बार-बार परीक्षा रद्द होने के कारण देशभर से छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की कई दर्दनाक घटनाएं सामने आई हैं। परीक्षा रद्द होने और दोबारा तैयारी करने के भारी दबाव के चलते उत्तर प्रदेश, दिल्ली और अन्य राज्यों में कई होनहार छात्रों ने अपनी जान गंवा दी। इस स्थिति ने देशभर में छात्रों और उनके परिजनों के बीच गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है।

यादव ने आरोप लगाया कि सिस्टम की घोर लापरवाही और पेपर लीक माफियाओं के कारण युवाओं के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ हो रहा है।

### यह रहे उपस्थित

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष यश जैन, अरुण सिसोदिया, योगेश दायमा, नंदू गहलोत, बंटी पासवान, ब्लॉक अध्यक्ष यश पागे, विजय माली, रिजवान खान, अरशद कुरैशी, जीवन, अर्जुन मालवीय, राजपाल, सोनू, विकास मालवीय, करण सूर्यवंशी, आदित्य पांचाल, साहिल और निहाल सहित अनेक युवा कांग्रेस साथी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय पॉवरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश का शानदार प्रदर्शन

## मीना शर्मा और एस. तेंदुले ने तोड़ा नेशनल रिकॉर्ड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर स्थित गरखड़ा स्टेडियम में 18 से 23 जुलाई तक आयोजित नेशनल मास्टर्स इक्विप्ड और क्लासिक पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चार टीम चैंपियनशिप पर अपना कब्जा जमाया है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की मीना शर्मा और एस. तेंदुले ने नेशनल रिकॉर्ड तोड़ते हुए बेस्ट लिफ्टर का खिताब अपने नाम किया।

छत्रपति संभाजी महाराज डिस्ट्रिक्ट पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस स्पर्धा में मध्य प्रदेश ने महिला इक्विप्ड मास्टर-2 वर्ग में टीम चैंपियनशिप का खिताब जीता, जबकि पुरुष इक्विप्ड मास्टर-3 वर्ग में टीम दूसरे स्थान पर रही। इसी तरह क्लासिक स्पर्धा में मध्य प्रदेश ने एम-2 और एम-3 में भी टीम चैंपियनशिप जीती। व्यक्तिगत स्पधाओं में महिला वर्ग में मीना शर्मा ने सर्वाधिक 411.5 किलो वजन उठाकर तथा पुरुष वर्ग में एस. तेंदुले ने कुल 627 किलो वजन उठाकर बेस्ट लिफ्टर का खिताब जीता। इसके अलावा एस.जी. पांडे 492.5 किलो वजन लिफ्ट कर फर्स्ट रनरअप रहे। अंतरराष्ट्रीय पॉवर लिफ्टर और राष्ट्रीय क्लास-1 निर्णायक संजीव राजदान एवं सीमा वर्मा भी बेस्ट लिफ्टर चुने गए। प्रतियोगिता के महिला वर्ग में मीना शर्मा और चित्रा नायडू ने प्रथम, पूजा मालवीय, चंदन त्रिपाठी और पूजा कुमारी ने द्वितीय तथा सुषमा वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# माधव विज्ञान महाविद्यालय में नशामुक्ति अभियान संपन्न

## डीएसपी ने कहा नकारात्मक नशे को कहें नो एंट्री

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय में मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित जागरूकता अभियान 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी शैलजा भदौरिया और उनकी टीम के नेतृत्व में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने नशामुक्ति की शपथ ली।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएसपी शैलजा भदौरिया ने कहा कि युवा देश की शक्ति हैं। उन्होंने छात्रों से नकारात्मक नशे को नो एंट्री कहने और सकारात्मक नशे को अपनाने की बात कही, ताकि वे व्यक्तिगत उन्नति के साथ राष्ट्र को भी विकसित कर सकें। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने नशे की चुनौती का सामना करने से संबंधित प्रश्न भी पूछे, जिनका डीएसपी ने समाधान किया।



### युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हरीश व्यास ने कहा कि युवाओं में बहुत संभावनाएं हैं, लेकिन मार्ग के भटकाव एवं नशे से कई युवा जीवन का अंत कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को छात्र राज भोगे ने भी संबोधित किया। पुलिस प्रशिक्षण शाला उज्जैन द्वारा 15 से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश को नशा-मुक्त बनाना है। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. दीपक लाखरे ने आभार व्यक्त किया।

### गुरु पूर्णिमा पर सीएम डॉ. मोहन यादव करेंगे नवनिर्मित श्री गीता भवन का लोकार्पण

# सम्राट विक्रमादित्य विवि में तैयारियों को लेकर कुलगुरु की अध्यक्षता में हुई बैठक, मेधावी विद्यार्थियों का होगा सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली उज्जैन में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 29 जुलाई को नवनिर्मित 'श्री गीता भवन' का भव्य लोकार्पण होगा। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय परिसर में निर्मित इस अत्याधुनिक भवन को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आमजन और भावी पीढ़ियों को समर्पित करेंगे। समारोह के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 50 से अधिक वरिष्ठ शिक्षकों और उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले सैकड़ों प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान भी किया जाएगा।

आयोजन के लिए समितियां गठित, सुरक्षा व यातायात पर मंथन

इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन की तैयारियों को लेकर 23 जुलाई को विश्वविद्यालय के कार्य परिषद कक्ष में कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। इसमें आयोजन की रूपरेखा तय कर विभिन्न समितियों का गठन किया गया। विद्यार्थी कल्याण संकायाध्यक्ष प्रो. सत्येंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी अध्ययनशालाओं के विभागाध्यक्षों, निदेशकों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की गई है। वहीं, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था, सुगम यातायात और अतिथि प्रबंधन से जुड़ी जिम्मेदारियों पर विस्तार से जानकारी दी। कुलगुरु प्रो. भारद्वाज ने बताया कि मुख्य समारोह गीता भवन में होगा, जिसमें प्रदेश भर के शिक्षाविद, शोधार्थी और नागरिक शामिल होंगे।

### वैदिक ज्ञान और शोध का प्रमुख केंद्र बनेगा गीता भवन

माधव विज्ञान महाविद्यालय के निकट निर्मित श्री गीता भवन की स्थापना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और शोधार्थियों को श्रीमद्भगवद्गीता के दर्शन, जीवन-प्रबंधन और नैतिक मूल्यों से जोड़ना है। नई शिक्षा नीति के अनुरूप यह केंद्र युवाओं को सही जीवन-दृष्टि प्रदान करने का माध्यम बनेगा। यहां भारतीय संस्कृति, संस्कृत साहित्य और वैदिक ज्ञान पर उच्च स्तरीय शोध कार्य भी संचालित किए जाएंगे। यह भवन प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक शिक्षा प्रणाली के समन्वय का प्रतीक होगा।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

समीक्षा बैठक में कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा, प्रो. डी.डी. बेदिया, प्रो. बी.के. आंजना, प्रो. अनिल कुमार जैन, प्रो. ज्योति उपाध्याय, प्रो. अंजना पाण्डेय, डॉ. एम.के. द्विवेदी, डॉ. सुशील कुमार शर्मा, डॉ. राज बोरिया, डॉ. सलिल सिंह, वित्त नियंत्रक जे.एस. तोमर और डॉ. वंदना गुप्ता सहित अन्य अधिकारी व प्राध्यापक उपस्थित थे।

# 110 विद्यार्थियों को बांटी कॉपियां और स्टेशनरी

## 1000 कॉपियां बांटने का लक्ष्य, जरूरत पड़ने पर आगे भी दी जाएगी मदद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, महिला मंडल और युवा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय हाई स्कूल दौलतगंज क्रमांक 1 में 110 विद्यार्थियों को निशुल्क कॉपियां, पेंसिल, रबर और लीड का वितरण किया गया।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि मंडल का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में 1000 कॉपियों का निशुल्क वितरण करना है, ताकि मध्यम वर्ग के बच्चे स्टेशनरी सामग्री से वंचित न रहें। बच्चों को भविष्य में जरूरत पड़ने पर और भी कॉपियां व स्टेशनरी सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। यह आयोजन विद्यालय की प्राचार्य सुनीता मिश्रा के निर्देशन और श्री वल्लभ वैष्णव मंडल के संस्थापक विट्ठल नागर के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ संरक्षक श्याम माहेश्वरी, अध्यक्ष जयेश श्रॉफ, अमित नागर, विशाल नीमा, रवींद्र मूले, युवा मंच सत्संग समिति के संस्थापक अध्यक्ष गोपाल बांगरवाल, अध्यक्ष मनोहर परमार की उपस्थिति में बच्चों को सामग्री प्रदान की गई।

### सामाजिक समरसता की प्रतीक दिंडी यात्रा 25 को

**उज्जैन।** समग्र हिंदू समाज के तत्वावधान में शहर में सामाजिक समरसता की प्रतीक दिंडी यात्रा 25 जुलाई को निकाली जाएगी। यह यात्रा शाम 4.30 बजे टावर चौक से प्रारंभ होकर सेठी नगर स्थित श्री गजानन महाराज मंदिर पहुंचेगी। देवशयनी एकादशी अर्थात आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर निकलने वाली इस यात्रा में महाराष्ट्र की तर्ज पर लगभग 800 वर्षों की संत परंपरा का निर्वहन किया जाता है। धार्मिक नगरी उज्जैन में पिछले दो वर्षों से पंढरपुर यात्रा की तर्ज पर इसे प्रतीकात्मक रूप से शुरू किया गया था, जो अब एक परंपरा का रूप ले चुकी है।

# युवाओं से अखंड भारत के निर्माण में योगदान का आह्वान, मनी चंद्रशेखर आजाद की जयंती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सनातन धर्म संस्कार जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने 23 जुलाई को चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर आजाद गार्डन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर आजाद के नाम पर एक पौधा रोपा गया और चंद्रशेखर आजाद अमर रहे के नारे लगाए गए।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज रावत ने कहा कि देश के लिए सबसे बड़ा बलिदान देने वाले चंद्रशेखर आजाद हमारे आदर्श हैं। देश के प्रत्येक युवा को उन्हें आदर्श मानते हुए राष्ट्रहित में काम करना चाहिए और अखंड भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। महेंद्र व्यास और प्रेम नारायण उपाध्याय ने भी देश की आजादी में उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया। समिति ने मांग की है कि समाज और देश को ऐसे योद्धाओं को अपना आदर्श मानना चाहिए। स्कूल, कॉलेज और ऑडिटोरियम के नाम उनके नाम पर रखे जाने चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी आजादी के लिए बलिदान देने वाले सभी योद्धाओं को जान सके।

# महाराष्ट्र समाज ने मनाई लोकमान्य तिलक की 170वीं जयंती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

क्षीरसागर स्थित तिलक स्मृति मंदिर सभागृह में महाराष्ट्र समाज द्वारा लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की 170वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजजनों ने उनके कार्यों और विचारों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष पंकज चांदोरकर, सचिव विश्वास करहाड़कर, कोषाध्यक्ष रविंद्र वि. मुले, सह सचिव मिलिंद पन्हालकर सहित कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप जोग, वसंत आप्टे, संजय दिवटे, चंद्रशेखर केलकर, आलोक मोढ़े, अमित मावलंकर और संजय कुलकर्णी उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने तिलक प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का सफल संचालन समाज सचिव विश्वास करहाडकर ने किया।

# महाकाल की नगरी में कावड़ मार्गों पर मांसाहार बिक्री पर लगे प्रतिबंध

## मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास ने मुख्यमंत्री सहित अधिकारियों को भेजा ज्ञापन, मांग न मानने पर दी जनआंदोलन की चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की पावन नगरी उज्जैन में सावन माह के दौरान शिवभक्तों और कावड़ यात्रियों की आस्था को देखते हुए मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास ने शहर, महाकाल क्षेत्र और सभी प्रमुख कावड़ यात्रा मार्गों पर मांस, चिकन, मछली और अंडे की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इस संबंध में संगठन ने मुख्यमंत्री, संभाग आयुक्त, जिला कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त और महापौर को ज्ञापन भेजा है।



संगठन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राजकुमार झंझोट ने बताया कि सावन माह में देशभर से लाखों श्रद्धालु पैदल यात्रा कर पवित्र नदियों का जल लेकर भगवान महाकाल का अभिषेक करने आते हैं। व्रत और उपवास के इस समय में यात्रा मार्गों और मंदिरों के आसपास खुलेआम मांसाहारी खाद्य पदार्थों की बिक्री श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत करती है।

संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि महाकाल मंदिर, महाकाल लोक, हरसिद्धि मंदिर, रामघाट, मंगलनाथ, कालभैरव, चिंतामण गणेश और गढ़कालिका सहित प्रमुख धार्मिक क्षेत्रों के साथ-साथ सभी कावड़ मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाए। सावन माह में धार्मिक नगरी की गरिमा के अनुरूप सात्विक वातावरण सुनिश्चित किया जाए।

ज्ञापन में नगर निगम द्वारा हाल ही में शहर से मांस की दुकानों को हटाने संबंधी पारित प्रस्ताव का भी हवाला देते हुए उसे शीघ्र लागू करने की मांग की गई है। मनीष सिंह चौहान और राजकुमार झंझोट ने चेतावनी दी है कि यदि शासन और प्रशासन द्वारा इस मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास शांतिपूर्ण तरीके से व्यापक जनआंदोलन शुरू करेगा।

उज्जैन
शुक्रवार
24
जुलाई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात् न ब्रूयात् सत्यमप्रियम्।
नासत्यं च प्रियं ब्रूयात् एष धर्मः सनातनः ॥
अर्थः सत्य और प्रिय बोलना चाहिए; पर अप्रिय सत्य नहीं बोलना और प्रिय असत्य भी नहीं बोलना यह सनातन धर्म है।

## खबर एक नजर...

### पिता के निधन पर सहायता राशि के लिए निगमकर्मियों ने मांगी 20 हजार की रिश्वत

**इंदौर।** नगर निगम के दो कर्मचारियों ने निर्लज्जता की पराकाष्ठा पार कर दी। सरकार की संबल योजना जरूरतमंद परिवारों को संकट की घड़ी में आर्थिक सहारा देने के लिए बनाई गई है, लेकिन इंदौर नगर निगम में इसी सहायता राशि के लिए रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। पिता की मौत के बाद दो लाख रुपए की अनुग्रह सहायता पाने पहुंचे 21 वर्षीय युवक से निगम कर्मचारियों ने 20 हजार रुपए रिश्वत मांग ली। जब परिवार की मजबूरी बताने पर भी कर्मचारी नहीं पसीजे तो युवक ने लोकायुक्त से शिकायत कर दी। गुरुवार को लोकायुक्त टीम ने पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए निगम की बाबू को रंगेहाथ पकड़ लिया। आरोप है कि जोन 13 की बाबू संध्या पथरोड़ और वार्ड प्रभारी हरभजन सिंह सलूजा ने संबल योजना की सहायता राशि जारी करने के बदले रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता आशीष चौधरी ने पिता जितेंद्र चौधरी के निधन के बाद संबल योजना के तहत मिलने वाली 2 लाख रुपए की सहायता राशि के लिए आवेदन किया था। यह पैसा मिल गया तो बड़ी राहत मिल जाएगी। कर्मचारियों ने आशीष की फाइल के पन्ने पलट कर देखे और फिर कह दिया कि दो लाख का 20 फीसदी पैसा देना पड़ेगा। फिर कहा– 20 हजार रुपए की रिश्वत दे दो, हम तुम्हें दो लाख रुपए का चेक जारी करवा देंगे। आशीष ने गिड़गिड़ाते हुए कहा– मैं इतने पैसे कहां से लाऊंगा, लेकिन निगमकर्मी रिश्वत के लिए अड़ गए। उसकी फाइल को कोने में पटक दिया। भंवरकुआं स्थित दीनदयाल उपवन के पीछे जोन कार्यालय पर संध्या ने जैसे ही 5 हजार की रिश्वत लेकर रखी, कुछ मिनट बाद ही लोकायुक्त पुलिस की टीम ने उसे पकड़ लिया।

### भेरूघाट:ट्रक खराब, तलाई नाका से बाईग्राम तक जाम

**इंदौर।** इंदौर–खंडवा रोड पर गुरुवार सुबह लोगों को लंबा ट्रैफिक जाम झेलना पड़ा। सुबह 7 बजे से शुरू हुए जाम ने बड़ा रूप ले लिया। तलाई नाका से लेकर बाई ग्राम तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले नौकरीपेशा लोग, स्कूल बसें, यात्री वाहन और मालवाहक घंटों जाम में फंसे रहे। करीब 6 घंटे जाम के बाद दोपहर में ट्रैफिक जंगल वाले रास्ते पर डायवर्ट किया तब जाकर वाहन रेंग–रेंगकर चलने लगे। रात तक ऐसी ही स्थिति बनी रही। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार जाम का मुख्य कारण भेरूघाट में बुधवार रात 11 बजे गेहूं से भरे एक ट्रक का अचानक खराब हो जाना रहा। गुरुवार सुबह से जब ट्रैफिक का लोड बढ़ने लगा तो हालात बिगड़े। ट्रक सड़क के बीचोबीच बंद हो गया था, जिससे एक लेन पूरी तरह बंद हो गई। पहले से ही इस मार्ग पर वाहनों का दबाव अधिक है। ऐसे में एक लेन बंद होने के कारण देखते ही देखते दोनों ओर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही सिमरोल पुलिस मौके पर पहुंची। खराब ट्रक को हटाने के प्रयास भी किए गए। हालांकि, जाम लंबा होने से व्यवस्था बहाल करने में काफी समय लगा। भेरूघाट इंदौर–खंडवा रोड का सबसे व्यस्त और हैवी ट्रैफिक वाला हिस्सा माना जाता है। घाट सेक्शन होने के कारण यहां सड़क अपेक्षाकृत संकरी है और भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है।

### एमडी ड्रग्स तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** एमडी ड्रग्स तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को इंदौर क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस काफी समय से उसकी तलाश कर रही थी। आरोपी रानीपुरा इलाके में खिलौनों का कारोबार करता है। इंदौर क्राइम ब्रांच के डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, क्राइम ब्रांच ने पूर्व में आरोपी आसिम खान को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 20.30 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई थी। साथ ही उसकी दोपहिया वाहन भी जब्त किया गया था। पूछताछ में आवेश (30) पिता फिरोज कुरैशी, निवासी रानीपुरा और गुलराज कॉलोनी का नाम सामने आया। जांच में उसकी भी मामले में भूमिका सामने आई। घटना के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर क्राइम ब्रांच ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अब उससे एमडी ड्रग्स के सोर्स, सप्लायर और पूरे नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है।

### मेडिकल स्टोर के बाहर कार के शीशे फोड़े, मारपीट की

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में बाइक और कार की टक्कर के बाद मेडिकल स्टोर के बाहर जमकर विवाद हुआ। आरोपियों ने मौके पर मारपीट करने के साथ वहां से गुजर रही कार के शीशे भी तोड़ दिए। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने मामले में एक नाबालिग को हिरासत में लिया है, जबकि उसके तीन साथियों की तलाश जारी है। एडिशनल डीसीपी (जोन–3) ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस को मां शारदा मेडिकल के बाहर हुए विवाद का सीसीटीवी वीडियो मिला है। वीडियो में कुछ युवक विवाद करते हुए कार के कांच तोड़ते दिखाई दे रहे हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विवाद बाइक और कार की टक्कर के बाद शुरू हुआ था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग को हिरासत में लिया है। वहीं उसके तीन साथी शोभित, ओम और मयंक फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी नशा करने के आदी बताए जा रहे हैं। फिलहाल हीरानगर पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है तथा फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

---

ट्रैफिक जाम से मिली राहत, सीएम बोले- सिंहस्थ-2028 की यातायात व्यवस्था होगी आसान

# इंदौर में डबल लेयर फ्लाईओवर की पहली लेन शुरू

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



मध्यप्रदेश को गुरुवार को अपना पहला डबल लेयर फ्लाईओवर मिल गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के लवकुश चौराहा स्थित 175 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित डबल लेयर फ्लाईओवर की पहली भुजा का लोकार्पण किया। इसके साथ ही अरविंदो क्षेत्र से बाणगंगा की ओर जाने वाले वाहनों का आवागमन शुरू हो गया।

मुख्यमंत्री ने इसे आधुनिक इंजीनियरिंग और विकसित मध्यप्रदेश की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह परियोजना सिंहस्थ-2028 के दौरान इंदौर-उज्जैन मार्ग पर बढ़ते यातायात को सुगम बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर और विकास एक-दूसरे के पर्याय हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश और देश में तेजी से अधोसंरचना का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस फ्लाईओवर से यात्रा का समय कम होगा, ईंधन की बचत होगी, ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी और नागरिकों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन की सुविधा मिलेगी।

**तीन स्तर पर चलेगा यातायात–** मुख्यमंत्री ने बताया कि इस परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता इसकी त्रिस्तरीय यातायात व्यवस्था है। पहले स्तर पर लवकुश चौराहे का सामान्य यातायात संचालित होगा, दूसरे स्तर पर वर्तमान फ्लाईओवर और मेट्रो रेल कॉरिडोर रहेगा, जबकि तीसरे स्तर पर नया डबल लेयर फ्लाईओवर तैयार किया गया है। इससे चौराहे पर वाहनों का दबाव काफी कम होगा और निर्बाध यातायात संभव हो सकेगा।

**यूसीसी में सभी के लिए समान कानूनी व्यवस्था होगी–** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर कहा कि इसके लागू होने के बाद विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और पारिवारिक मामलों में सभी नागरिकों के लिए समान कानूनी व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य संविधान की मूल भावना के अनुरूप सभी नागरिकों को समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित करना है।

अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जन्मस्थली भाबरा रवाना होने से पहले मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने ऐसे भारत का सपना देखा था, जहां सभी नागरिकों को समान अवसर और समान अधिकार मिलें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है और यूसीसी उसी संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने डबल डेकर ब्रिज की एक लाइन का लोकार्पण किया।

**साढ़े तीन करोड़ लोगों से लिए सुझाव–** मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार ने यूसीसी पर व्यापक जनभागीदारी की। करीब दो महीने तक चले विशेष अभियान के दौरान राज्यभर में साढ़े तीन करोड़ से अधिक लोगों से संपर्क कर उनके सुझाव और राय ली गई। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों से मिले सकारात्मक सहयोग से स्पष्ट है कि लोग समानता और न्याय आधारित व्यवस्था के पक्षधर हैं।

#### दूसरी भुजा का काम अंतिम चरण में

फिलहाल फ्लाईओवर की एक भुजा आम यातायात के लिए खोल दी गई है, जिससे अरविंदो से बाणगंगा की ओर वाहन चलना शुरू हो गए हैं। दूसरी भुजा का निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में है और इसके पूरा होते ही दोनों दिशाओं में यातायात पूरी तरह सुचारु हो जाएगा।

#### 1450 मीटर लंबा, 800 टन स्टील से तैयार

इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित यह फ्लाईओवर लगभग 1450 मीटर लंबा है। इसके निर्माण में 22 मीटर की ऊंचाई पर 65 मीटर लंबे और 24 मीटर चौड़े स्पान पर दो–दो 400 टन वजनी स्टील बो–स्ट्रिंग गर्डर लगाए गए हैं। कुल 800 टन स्टील संरचना का उपयोग इस परियोजना को प्रदेश की प्रमुख इंजीनियरिंग उपलब्धियों में शामिल करता है।

#### सिंहस्थ और शहर के भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार परियोजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फ्लाईओवर केवल वर्तमान ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिए नहीं, बल्कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। सिंहस्थ–2028 के दौरान इंदौर और उज्जैन के बीच श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ेगी, ऐसे में यह परियोजना यातायात प्रबंधन में महत्वपूर्ण साबित होगी। साथ ही यह इंदौर के आधुनिक शहरी विकास की नई पहचान बनेगी।

---

जांच में सामने आया स्टूडेंट्स के प्रदर्शन में की थी अपील, सोशल मीडिया से पुलिस को मिली जानकारी

# मंत्री के घर के बाहर प्रदर्शन करने वालों को जेल

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर




मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के घर के बाहर प्रदर्शन करने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया। पुलिस की पूछताछ में उन्होंने अपनी गलती भी मानी। साथ ही ये बात भी सामने आई है कि इन्होंने टंट्याभील चौराहे पर चल रहे स्टूडेंट्स के प्रदर्शन में भी मंत्री के यहां प्रदर्शन में चलने की अपील की थी।

बुधवार दोपहर को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के घर के बाहर प्रहलाद पाण्डेय और उनकी पत्नी संगीता प्रदर्शन करने पहुंचे थे। हाथों में संविधान लेकर वे यहां पहुंचे। हालांकि उनके प्रदर्शन की जानकारी पुलिस को एक घंटे पहले मिली। जिसके बाद पुलिस तुरंत एक्शन में आई और उनके घर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ा दिया।

इधर, परदेशीपुरा पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि दोनों दंपती ही यहां प्रदर्शन करने आए। उन्होंने कुछ लोगों से मंत्री के घर के बाहर प्रदर्शन में शामिल होने की अपील भी की थी। सोशल मीडिया पर मैसेज भी चलाए थे, इसके अलावा पुलिस पूछताछ में ये बात भी सामने आई कि इन्होंने टंट्याभील चौराहे पर चल रहे स्टूडेंट्स के धरना प्रदर्शन में भी उनके साथ मंत्री के घर के बाहर प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की थी। मगर उनका साथ देने कोई भी नहीं आया।

इधर, मंत्री के घर के बाहर प्रदर्शन की जानकारी पुलिस को करीब एक घंटे पहले सोशल मीडिया से मिली। जिसके बाद पुलिस ने सारी तैयारी की। जब दोनों दंपति यहां पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें रोका और समझाया भी, लेकिन वे नहीं माने। प्रहलाद पाण्डेय के रोड पर बैठने के बाद पुलिस ने उन्हें उठाया और पुलिस की गाड़ी में बैठा दिया। उनकी पत्नी को भी पुलिस की गाड़ी में बैठाया और थाने ले जाकर पूछताछ की।

#### पुलिस ने की कार्रवाई

टीआई आर.डी.कानवा ने बताया कि दोनों से पूछताछ में सामने आया कि उन्होंने अन्य लोगों से भी यहां आने की अपील की थी, लेकिन कोई उनके साथ नहीं आया। हालांकि उन्हें ये अहसास हो गया था कि उनसे चूक हुई है। बिना अनुमति के धरना प्रदर्शन करने पर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने 151 और बिना अनुमति के प्रदर्शन करने पर केस दर्ज कर सोमवार को ही जेल भेज दिया।

# बिजली बिल अपडेट के नाम पर इंजीनियर से ठगी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में बिजली बिल अपडेट करने के नाम पर एपीके फाइल भेजकर साइबर ठगी के दो मामले सामने आए हैं। ठगों ने फर्जी कॉल और मैसेज के जरिए पीड़ितों को एपीके फाइल डाउनलोड करने के लिए कहा और बैंक खाते से 5.06 लाख रुपए से अधिक की राशि निकाल ली। दोनों मामलों में साइबर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक अन्नपूर्णा क्षेत्र निवासी इंजीनियर राजेश की पत्नी के मोबाइल पर 17 जुलाई की रात बिजली बिल जमा नहीं होने और आधे घंटे में बिजली काटने का मैसेज आया। मैसेज में एक मोबाइल नंबर दिया गया था। राजेश ने उस नंबर पर पहले से जमा किए गए बिजली बिल की रसीद भेजी। इसके बाद ठग ने कॉल कर कहा कि भुगतान ऑनलाइन अपडेट नहीं हुआ है और कंज्यूमर नंबर अपडेट करना होगा। इसके लिए उसने एक एपीके फाइल भेजी, लेकिन वह डाउनलोड नहीं हुई।

इसके बाद ठग ने राजेश का मोबाइल नंबर लेकर दोबारा एपीके फाइल भेजी। जब वह भी डाउनलोड नहीं हुई तो आरोपी ने सहायता के नाम पर 12 रुपए का ट्रांजेक्शन करने के लिए डेबिट कार्ड की जानकारी और ओटीपी ले लिया। कुछ ही देर बाद राजेश के मोबाइल पर लगातार मैसेज आने लगे और उनके बैंक खाते से 4 लाख 53 हजार रुपए निकल गए।

---

# इंदौर में दोबारा न हो जल प्रदूषण

## एनजीटी ने हाई कोर्ट के दिशा-निर्देशों को बताया अहम, भागीरथपुरा दूषित पानी कांड में कोर्ट की कार्रवाई पर जताया भरोसा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



भागीरथपुरा जल प्रदूषण मामले में राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने कहा है कि इंदौर में पेयजल आपूर्ति और जल प्रदूषण से जुड़े मुद्दों पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट पहले से सुनवाई कर रहा है। ऐसे में हाईकोर्ट द्वारा गठित न्यायिक जांच आयोग पूरे मामले की जांच कर रहा है और सुरक्षित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए जा चुके हैं।

भोपाल स्थित एनजीटी की केंद्रीय क्षेत्रीय पीठ के न्यायिक सदस्य जस्टिस शेओ कुमार सिंह और विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी ने इंदौर सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में जल आपूर्ति एवं जल प्रदूषण से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की।

सुनवाई के दौरान एनजीटी ने कहा कि इंदौर में जल प्रदूषण और पेयजल आपूर्ति से जुड़े मुद्दे पहले से ही मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में विभिन्न याचिकाओं के माध्यम से विचाराधीन हैं। विशेष रूप से भागीरथपुरा जल प्रदूषण प्रकरण में हाई कोर्ट ने प्रथम दृष्टया जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका तय करने के लिए न्यायिक जांच आयोग का गठन किया है। एनजीटी ने स्पष्ट किया कि इन सभी बिंदुओं की जांच हाईकोर्ट द्वारा गठित न्यायिक जांच आयोग कर रहा है। चूंकि पूरा मामला हाईकोर्ट के विचाराधीन है, इसलिए आयोग की रिपोर्ट और कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप आगे की कार्रवाई होगी। सुनवाई के दौरान मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से बताया गया कि मामले में अपनी रिपोर्ट दाखिल की जा चुकी है। इस पर एनजीटी ने निर्देश दिया कि रिपोर्ट की प्रति ई-मेल के माध्यम से सभी संबंधित पक्षों को उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे तीन सप्ताह के भीतर अपनी आपत्तियां या जवाब प्रस्तुत कर सकें। एनजीटी ने मामले की अगली सुनवाई 16 सितंबर 2026 को निर्धारित की है। तब तक संबंधित पक्षों से जवाब और रिपोर्ट पर प्रतिक्रियाएं प्राप्त होने की उम्मीद है।

---

डीएवीवी के कमला नेहरू गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं ने सीएम हेल्पलाइन पर की भेदभाव की शिकायत

# लड़कों को रात 10 बजे तक एंट्री, लड़कियों को क्यों नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



देवी अहिल्या विश्व विद्यालय (डीएवीवी) के कमला नेहरू बालिका छात्रावास में रहने वाली छात्राओं ने हॉस्टल प्रबंधन और वार्डन के खिलाफ सीएम हेल्पलाइन पर अव्यवस्थाओं की शिकायत की है।

छात्राओं का कहना है कि विश्वविद्यालय के छात्रावासों में लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग नियम लागू किए जा रहे हैं, जो पूरी तरह भेदभावपूर्ण हैं। आरोप है कि लड़कों के हॉस्टल में रात 10 बजे तक प्रवेश की अनुमति है, वहीं बालिका छात्रावास का मुख्य गेट रात 8 बजे ही बंद कर दिया जाता है। इसके बाद किसी भी छात्रा को हॉस्टल में प्रवेश नहीं दिया जाता।

छात्राओं ने बताया कि जब विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थी समान हैं, तो केवल छात्राओं पर ही इतनी सख्ती क्यों लागू की जा रही है। उनका कहना है कि सुरक्षा के नाम पर ऐसे नियम थोपे जा रहे हैं, जो उनके अधिकारों और स्वतंत्रता को सीमित करते हैं।

**हॉस्टल में साफ-सफाई भी नहीं–** शिकायत में बताया कि हॉस्टल में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं है। भोजन की गुणवत्ता खराब रहती है और पेयजल की समस्या भी बनी हुई है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। छात्राओं ने वार्डन के व्यवहार पर भी नाराजगी जताई है। उन्होंने बताया कि बिना किसी ठोस कारण के नए-नए नियम लागू किए जाते हैं, जिससे छात्राओं को अनावश्यक रूप से परेशान होना पड़ता है। बात सुनने के बजाय उन्हें नियमों का हवाला देकर चुप करा दिया जाता है।

#### वार्डन को बदलने की मांग

छात्राओं ने मांग की है कि छात्रावास की व्यवस्थाओं की निष्पक्ष जांच कराई जाए, आवश्यक सुधार किए जाएं और वर्तमान वार्डन को बदला जाए। साथ ही विश्वविद्यालय के सभी छात्रावासों में लड़के और लड़कियों के लिए समान एवं न्यायसंगत नियम लागू किए जाएं ताकि किसी भी छात्रा के साथ भेदभाव न हो।

#### छात्राओं को रात आठ बजे तक हॉस्टल में प्रवेश का नियम

मामले में हॉस्टल के चीफ वार्डन डा. जीएल प्रजापति ने बताया कि छात्राओं को रात आठ बजे तक हॉस्टल में प्रवेश का नियम बना हुआ है। इसी का पालन किया जा रहा है। साफ–सफाई की समस्या है तो मैं दिखवाता हूं।

---

मुनि सुधासागरजी महाराज के चातुर्मास में उनके आहार विहार और निहार की व्यवस्था के लिए बैठक संपन्न

# विचार-विमर्श कर विभिन्न समितियों का गठन कर उन्हें जवाबदारी सौंपी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



सभागृह में छत्रपति नगर समाज जिनालय ट्रस्ट एवं सभी महिला संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्यों की एक सामूहिक बैठक जिनालय परिसर के ऋषभ सभागृह में संपन्न हुई, जिसमें चातुर्मास

सकल दि. जैन धर्म प्रभावना समिति इंदौर के तत्वावधान में श्रमण संस्कृति के महाश्रमण मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज के दलाल बाग छत्रपतिनगर में होने जा रहे ऐतिहासिक एवं भव्य चातुर्मास के दौरान उनके आवास,आहार और निहार की संपूर्ण व्यवस्था धर्म प्रभावना समिति के निर्णय एवं पूज्य मुनि श्री सुधासागरजी महाराज के आशीर्वाद से दिगंबर जैन समाज छत्रपति नगर करेगी।

धर्म समाज प्रचारक एवं मीडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस संबंध में व्यवस्था की रूपरेखा पर विचार विमर्श करने हेतु बुधवार को रात्रि में दिगंबर जैन तीर्थ स्वरूप आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर के ऋषभ सभागृह में छत्रपति नगर समाज जिनालय ट्रस्ट एवं सभी महिला संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्यों की एक सामूहिक बैठक जिनालय परिसर के ऋषभ सभागृह में संपन्न हुई, जिसमें चातुर्मास के दौरान मुनि संघ की व्यवस्थित चर्या कराने के लिए विचार विमर्श कर विभिन्न समितियों का गठन कर उन्हें जवाबदारी सोपीं गई।

मीटिंग का संचालन करते हुए ट्रस्ट के महामंत्री विपुल बांझल ने कहा कि जगत पूज्य सुधा सागर जी महाराज का चातुर्मास हेतु शोभा यात्रा के साथ छत्रपति नगर में रविवार 26 जुलाई को मंगल प्रवेश होगा एवं चातुर्मास की अवधि में मुनिश्री संघ सहित छत्रपति नगर जिनालय के ऋषभ सभागृह में ही विराजमान रहेंगे। उनके आवास आहार बिहार और निहार के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी विस्तार से देते हुए बांझल ने विभिन्न समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्यों के नामों की घोषणा भी की।

जिनालय ट्रस्ट अध्यक्ष भूपेंद्र जैन ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि छत्रपति नगर की दिगंबर जैन समाज बहुत सौभाग्यशाली है कि उसे इस वर्ष श्रमण संस्कृति के महाश्रमण जगतपूज्य सुधा सागर जी महाराज के चातुर्मास में सहभागिता निभाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मैं सभी से आव्हान करता हूं कि हम सब धर्म प्रभावना समिति के साथ मिलकर चातुर्मास को,सफल, ऐतिहासिक एवं यादगार बनाएं। बैठक को श्री कमल अग्रवाल रामचंद्र नगर ने भी संबोधित किया। बैठक में डॉक्टर जैनेंद्र जैन, कमल जैन चैलेंजर, रमेश चंद जैन, श्रुत केवलारी,जिनेश जैन, प्रकाश दलाल, नीलेश जैन टैलेंट, सुरेश पड़ोसी सोनू बेगमगंज, आलोक नेता, अरविंद अखिलेश सोधीया राजेन्द्र नायक श्रीमती मुक्ता जैन, मीना जैन, सुषमा सुपारी, सोनाली बगड़िया, अंजलि दलाल, मनीषा एवं वैशाली जैन आदि उपस्थित थे।

## चित्रकूट में बुजुर्ग की हत्या, पिता और 3 बेटे गिरफ्तार

**चित्रकूट** में जमीन विवाद को लेकर हुए विवाद में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। नगर परिषद के वार्ड क्रमांक-5 क्योटरा में बुधवार को दो परिवारों के बीच लंबे समय से चल रहा जमीन विवाद अचानक हिंसक हो गया। दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज के बाद लाठी-डंडों से मारपीट शुरू हो गई। इस घटना में कई लोग घायल हुए, जिनमें 65 वर्षीय पुरुषोत्तम निषाद की हालत गंभीर थी। उपचार के लिए सतना ले जाते समय उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में हत्या की धारा बढ़ाते हुए आरोपी पिता और उसके तीन बेटों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-5 क्योटरा में रहने वाले दो परिवारों के बीच जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था।

## नशे के खिलाफ 5 किलोमीटर की मैराथन

**भिंड।** नशे के खिलाफ जनजागरण का संदेश शुक्रवार को भिंड शहर की सड़कों पर गूंजा। ₹नशे से दूरी है जरूरी 2.0₹ अभियान के तहत आयोजित 5 किलोमीटर मैराथन में न्यायपालिका, प्रशासन, पुलिस और आम नागरिक एक साथ दौड़े। हाथों में जागरूकता तख्तियां लेकर और नशामुक्ति के नारे लगाते हुए हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। सभी ने संदेश दिया कि नशा किसी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति, परिवार और पूरे समाज के लिए बड़ी समस्या बन जाता है। मैराथन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एसकेएस बारिया, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय दिलीप गुप्ता, कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा और पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा सहित कई अधिकारी शामिल हुए।

## समर्थन मूल्य पर मूंग बेचने में रुचि कम

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग की समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीदी व्यवस्था अब किसानों के लिए चिंता का विषय बन गई है। खरीदी शुरू हुए करीब 20 दिन बीत चुके हैं, लेकिन बड़ी संख्या में किसान अभी तक सरकारी केंद्रों पर अपनी उपज बेचने नहीं पहुंचे हैं। जिले में पंजीकृत 78 हजार 434 किसानों में से अब तक सिर्फ 4 हजार 384 किसानों ने ही मूंग बेची है। किसानों का कहना है कि सरकार ने प्रति हेक्टेयर खरीदी की मात्रा बहुत कम तय कर दी है, जिसके कारण अधिक उत्पादन करने वाले किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## साधु बनकर छिपा 10 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**ग्वालियर।** महिला थाना पुलिस ने देह व्यापार के मामले में सात साल से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी संजू को उत्तर प्रदेश के मथुरा से गिरफ्तार किया है। आरोपी साधु का वेश धारण कर आश्रमों के आसपास रह रहा था। पुलिस की विशेष टीम ने गुरुवार रात दबिश देकर उसे पकड़ा। शुक्रवार को उसे ग्वालियर लाकर अदालत में पेश किया जाएगा। मामला वर्ष 2019 का है। महिला थाना पुलिस ने एक लापता युवती को बरामद किया था। काउंसलिंग के दौरान युवती ने आरोप लगाया था कि उसकी मां उसे जबरन संजू के पास भेजती थी। आरोपी उसके साथ दुष्कर्म करता था और उसे अन्य लोगों के पास भी भेजता था। इसके बाद पीड़िता को वन स्टॉप सेंटर भेजा गया और संजू व उसकी मां के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

## परिवहन चेक पाइंट:183 से 73 करोड़ पर सिमटी वसूली

मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में परिवहन विभाग की नई व्यवस्था को लेकर एक चौंकाने वाला बड़ा खुलासा हुआ है। प्रदेश सरकार द्वारा 1 जुलाई 2024 से प्रदेश के बॉर्डर पर संचालित 45 स्थायी चेकपोस्टों को बंद करके उनकी जगह 12 जुलाई 2024 से नए 'रोड सेफ्टी एंड एनफोर्समेंट चेकिंग पॉइंट' शुरू किए गए थे। परिवहन विभाग के दावों के मुताबिक नई व्यवस्था से हाईवे पर लगने वाले ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने और चेकिंग व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए उठाया गया था। हालांकि,कांग्रेस विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा पूछे गए सवाल के लिखित जवाब में परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा पेश किए गए आंकड़ों ने विभागीय दावों की हवा निकाल दी है। आंकड़ों से साफ पता चलता है कि नई व्यवस्था लागू होने के बाद से राज्य सरकार के राजस्व में लगभग 60 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे सीधे तौर पर सरकारी खजाने को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है।

# मुंबई रूट पर भारी बारिश का असर, अवंतिका एक्सप्रेस समेत 8 ट्रेनें रहेगी रद्द

## कई स्टेशनों पर फंसे यात्रियों को भोजन-पानी उपलब्ध कराया गया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

मुंबई रेल मंडल के घोलवड-उमरगाम रोड रेलखंड में भारी बारिश के कारण हुए जलभराव का असर दूसरे दिन भी रेल यातायात पर बना हुआ है। रेल परिचालन प्रभावित होने के चलते रतलाम रेल मंडल से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों का संचालन शुक्रवार को भी प्रभावित रहेगा। रेलवे ने 8 ट्रेनों को उनके प्रारंभिक स्टेशनों से रद्द कर दिया है, जबकि 6 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजिनेट किया गया है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, गुरुवार को घोलवड-उमरगाम रेलखंड के बीच स्थित ब्रिज क्रमांक-203 पर जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया था। सुरक्षा कारणों से इस सेक्शन पर रेल परिचालन अस्थायी रूप से प्रभावित करना पड़ा, जिससे दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग की कई ट्रेनें प्रभावित हुईं। मुंबई की ओर जाने वाली अनेक ट्रेनों को रतलाम मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर रोका गया।

### आरंभिक स्टेशनों से इन ट्रेनों को किया रद्द

24 जुलाई को इंदौर से चलने वाली ट्रेन संख्या 12228 इंदौर-मुंबई सेंट्रल दुरंतो एक्सप्रेस। 24 जुलाई को बांद्रा टर्मिनस से चलने वाली ट्रेन संख्या 19019 बांद्रा टर्मिनस-हरिद्वार एक्सप्रेस। 24 जुलाई को ट्रेन संख्या 12962 इंदौर-मुम्बई सेंट्रल अवंतिका एक्सप्रेस। 24 जुलाई को गाड़ी संख्या 12995 बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस-अजमेर। 25 जुलाई को देहरादून से चलने वाली ट्रेन संख्या 19020 हरिद्वार-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस। 25 जुलाई ट्रेन संख्या 12904 अमृतसर-मुंबई सेंट्रल गोल्डन टेम्पल मेल। 25 जुलाई को ट्रेन संख्या 12926 अमृतसर मुंबई सेंट्रल पश्चिम एक्सप्रेस। 26 जुलाई को बरौनी से चलने वाली ट्रेन संख्या 19038 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस एक?सप्रेस।

### इन ट्रेनों को किया शॉर्ट टर्मिनेट/ शॉर्ट ओरिजिनेट

जयपुर से चली गाड़ी संख्या 12980 जयपुर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस वडोदरा रेलवे स्टेशन से शॉर्टटर्मिनेट की गई। वडोदरा-बांद्रा टर्मिनस स्टेशन के मध्य निरस्त रहेगी। बांद्रा टर्मिनस से चलने वाली ट्रेन संख्या 12979 बांद्रा टर्मिनस -जयपुर एक्सप्रेस वडोदरा रेलवे स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। बांद्रा टर्मिनस-वडोदरा स्टेशन के बीच रद्द रहेगी। एनार्कुलम से चलने वाली वाली ट्रेन संख्या 22655 एनार्कुलम निजामुद्दीन एक्सप्रेस, एनार्कुलम उमरगाम रोड रेलवे स्टेशन से शॉर्टटर्मिनेट होगी।

### भोपाल के अभिनेता रजा मुराद ने जंतर मंतर लाठीचार्ज पर उठाए सवाल

## 'बच्चों के जख्मों पर मरहम लगाइए, नमक-मिर्च नहीं'

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से ताल्लुक रखने वाले बॉलीवुड के वरिष्ठ अभिनेता रजा मुराद ने उखढ के जनजी प्रोटेस्ट के दौरान बच्चों पर हुए लाठीचार्ज को लेकर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि आंदोलन कर रहे बच्चे देश और समाज के ही बच्चे हैं, इसलिए उनके जख्मों पर ₹मरहम लगाइए, नमक-मिर्च नहीं।₹ उन्होंने जिम्मेदार लोगों से बच्चों के साथ संवेदनशील व्यवहार और संवाद की अपील की।

इससे पहले, अभिनेता रघुवीर यादव ने भी सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए थे। वीडियो की शुरूआत में रजा मुराद ने कहा कि जंतर-मंतर पर जो कुछ हो रहा है, वह बेहद दुखद है। उन्होंने कहा, ₹बच्चे वहां प्रोटेस्ट कर रहे हैं और बहुत बेदर्दी से उन पर लाठियां बरसाई जा रही हैं। उन्हें मारा-पीटा जा रहा है।₹ उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम को बेहद पीड़ादायक बताते हुए चिंता व्यक्त की।

रजा मुराद ने बच्चों और परिवार का उदाहरण देते हुए कहा कि यदि घर का कोई बच्चा नाराज होता है तो उसे समझाया जाता है, न कि उसके साथ कठोरता की जाती है। उन्होंने कहा, ₹वह सब हमारे बच्चे हैं। हमारा परिवार हैं। परिवार का बच्चा अगर रूठता है या शिकायत करता है तो हम उसे मनाने की कोशिश करते हैं। उसे समझाते हैं।

### जख्मों पर मरहम लगाइए, नमक नहीं

अपने संदेश में अभिनेता ने कहा कि यदि कोई बच्चा जख्मी होता है तो उसके घावों पर मरहम लगाया जाता है, नमक नहीं छिड़का जाता। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में बच्चों के जज्बात आहत हैं और उन्हें सहानुभूति व संवाद की जरूरत है। ₹इस वक्त उन्हें मरहम की जरूरत है। उनके जज्बात जख्मी हुए हैं। लाठियों और थप्पड़ों से नहीं, बल्कि उनके जख्मों को भरने की जरूरत है।₹

### यही बच्चे कल देश की बागडोर संभालेंगे

रजा मुराद ने कहा कि आज जिन बच्चों पर लाठियां बरस रही हैं, वही आने वाले समय में देश का भविष्य बनेंगे। उन्होंने कहा, ₹ये हमारा खून हैं। आने वाले कल में यही बच्चे देश की बागडोर संभालेंगे।₹ उन्होंने जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों से आग्रह किया कि वे बच्चों की भावनाओं को समझें और उनका विश्वास जीतने का प्रयास करें।

## रोगी को सलाइन की जगह पानी की बोतल चढ़ा दी

**डिंडौरी।** जिला अस्पताल में एक मरीज को सलाइन की जगह मिनरल वॉटर की बोतल से ड्रिप चढ़ाने का मामला सामने आया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) ने ड्यूटी डॉक्टर और नर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पुलिस ने भी जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, 18 वर्षीय सत्यम यादव ने बुधवार को चूहे मारने की दवा खा ली थी। दोपहर करीब 2 बजे उसे जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात डॉ. भरत साहू ने नर्स भावना चौधरी को मरीज को मिनरल वॉटर की बोतल से ड्रिप लगाने के निर्देश दिए।

## भोपाल में कॉन्स्टेबल पर नाबालिग छात्रा से रेप की एफआईआर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल में 17 साल की नाबालिग छात्रा से रेप का मामला सामने आया है। आरोपी कॉन्स्टेबल ने अपनी बेटी के बर्थडे पार्टी का बहाना बनाकर छात्रा को मिलने बुलाया। इसके बाद उसे कमरे में ले जाकर बंधक बनाकर दुष्कर्म किया।

हैरानी की बात यह रही कि इस दौरान उसका साथी पुलिसकर्मी अपने 3-4 साल के बेटे के साथ बाहर पहरा देता रहा। पीड़िता की शिकायत के बाद दोनों पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी विशेष सशस्त्र बल (रअत्रह्र) में आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं। पीड़िता की शिकायत पर पहले कमला नगर थाने में जीरो एफआईआर दर्ज की गई थी।

आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। मुख्य आरोपी पीड़िता का पड़ोसी है। जांच में सामने आया कि धार में पदस्थ कॉन्स्टेबल संतोष सेन ने 22 जुलाई की शाम एक परिचित महिला के मोबाइल से पीड़िता को फोन कर अपनी बेटी की जन्मदिन पार्टी में आने का निमंत्रण दिया। शाम करीब 6:30 बजे जब किशोरी लाल परेड मैदान के पास पहुंची तो वहां संतोष सेन और ग्वालियर में पदस्थ आरक्षक जितेंद्र राजपूत कार में मौजूद थे। कार में जितेंद्र का बेटा भी बैठा था।

## कोल्डड्रिंक में नशा देकर गैंगरेप, फिर ब्लैकमेल किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुरैना

पहले नशीला पदार्थ पिलाकर मेरे साथ गैंगरेप किया। वीडियो बनाया। फिर उसी वीडियो के दम पर मेरी देवरानी के साथ भी दरिंदगी की। पुलिस से गुहार लगाई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। बड़े अधिकारियों के पास पहुंचने के बाद ऋक्षफ दर्ज हुई, लेकिन आज भी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं।

यह दर्द मुरैना जिले की दो महिलाओं का है, जो रिश्ते में जेठानी-देवरानी हैं। दोनों ने तीन सरकारी शिक्षकों पर गैंगरेप, ब्लैकमेलिंग और लगातार शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि कोर्ट से अग्रिम जमानत खारिज होने के बावजूद पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। जेठानी का आरोप है कि 15 अगस्त 2022 को काम के बहाने एक शिक्षक अशोक कुमार पाठक ने उसे स्कूल बुलाया। वहां कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया। होश आने पर विरोध करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। इसके बाद आरोपी बार-बार ब्लैकमेल कर शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता का आरोप है कि नवंबर 2022 में आरोपी ने अपने दो अन्य साथी शिक्षकों धनीराम और भूप सिंह धाकड़ को भी बुला लिया और तीनों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता का कहना है कि नवंबर 2024 में आरोपियों की नजर देवरानी पर पड़ गई। उन्होंने देवरानी को साथ लाने के लिए कहा। स्कूल पहुंचने पर पहले उसका वीडियो दिखाकर देवरानी को डराया, फिर उसके साथ भी सामूहिक दुष्कर्म किया गया।


# खूनी रफ्तार के मामले में देश में तीसरे नंबर पर मध्यप्रदेश

## एमपी में रोज 142 एक्सीडेंट, 40 मौतें डेली हो रहीं: यूपी-तमिलनाडु की स्थिति भी भयावह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

सड़क पर रफ्तार का खूनी खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। मध्य प्रदेश की सड़कों पर हर रोज औसतन 142 एक्सीडेंट हो रहे हैं और रोजाना करीब 40 लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। लोकसभा में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा पेश किए गए ताजा आंकड़ों ने एमपी सहित पूरे देश में सड़क सुरक्षा की पोल खोलकर रख दी है। देश भर में जहां तमिलनाडु एक्सीडेंट्स के मामले में टॉप पर है, वहीं, जान गंवाने वालों की संख्या उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा है।

2021 से 2024 तक हादसों और मौतों दोनों का ग्राफ लगातार बढ़ा। वर्ष 2025 में हादसों की संख्या (52,125) में 2024 (56,669) की तुलना में कमी दर्ज की गई, लेकिन मौतों का आंकड़ा बढ़कर 14,842 तक पहुंच गया।



यानी टढ में हादसे भले कम हुए हों, लेकिन दुर्घटनाएं ज्यादा जानलेवा साबित हुई हैं। तमिलनाडु में सबसे ज्यादा हादसे और मौतें हो रहीं हैं। एमपी के पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में रोजाना हादसे भले ही 136 हो रहे हों, लेकिन वहां हर दिन मौतों का आंकड़ा 75 है, जो देश में सबसे ज्यादा भयावह है। वहीं टढ में रोजाना 142 हादसों में 40 लोग जान गंवा रहे हैं।

सड़क दुर्घटनाओं और मौतों पर लगाम लगाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा 4ए रणनीति पर काम किया जा रहा है। एजुकेशन एंड अवेयरनेस देश भर में ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं अनुसंधान संस्थान (कळ्ळफ) और क्षेत्रीय ड्राइविंग ट्रेनिंग केंद्र (फळ्ळउ) स्थापित किए जा रहे हैं। हर साल राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह और 'सड़क सुरक्षा समर्थन योजना' के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### 5 सालों में एमपी में हादसे और मौतें

| साल | सड़क हादसे | मौतें |
|---|---|---|
| 2021 | 48,877 | 12,480 |
| 2022 | 54,432 | 13,427 |
| 2023 | 55,327 | 13,798 |
| 2024 | 56,669 | 14,791 |
| 2025 | 52,125 | 14,842 |

### उल्लंघन पर कड़े जुमार्ने का नियम लागू

इन्फोर्समेंट एंड टेक्नोलॉजी मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम 2019 के तहत यातायात नियमों के उल्लंघन पर कड़े जुमार्ने का नियम लागू है। शहरों और नेशनल हाईवे पर उउळश, स्पीड रडार और ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (अठढफ) कैमरों से निगरानी व ई-चालान की पारदर्शी व्यवस्था बनाई गई है।

**इमरजेंसी केयर :** PM-राहत योजना (2025): सड़क दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाने और कैशलेस इलाज मुहैया कराने की सुविधा।

**राह-वीर योजना:** दुर्घटना पीड़ित को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले मददगार को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि 5,000 से बढ़ाकर 25,000 की गई है।

**हिट एंड रन मुआवजा:** हिट एंड रन के मामलों में गंभीर चोट पर मुआवजा 12,500 से बढ़ाकर 50,000 और मृत्यु की स्थिति में 25,000 से बढ़ाकर 2,00,000 कर दिया गया है।

## मुंबई-भोपाल की कंपनियों ने घेरा यारनगर और देलावाड़ी का जंगल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



रातापानी अभयारण्य (टाइगर रिजर्व) के बफर जोन से सटे यारनगर क्षेत्र में मुंबई-भोपाल की कंपनियों का दखल है। कई बड़ी कंपनियों ने लोकल सिंडिकेट और राजस्व अधिकारियों से साठगांठ कर करीब 100 एकड़ से अधिक संवेदनशील वन-समीपवर्ती जमीन पर कब्जा जमा लिया है। रिसोर्ट, होटलें बनाकर जमकर कमाई हो रही है। इसके अलावा रातापानी अभयारण्य से सटे क्षेत्र में करीब 400 एकड़ वन भूमि पर अवैध खेती करने का मामला भी सामने आया है। खेती के लिए सागौन सहित बड़ी संख्या में बहुमूल्य पेड़ काट गए। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे क्षेत्र का ड्रोन सर्वे, सीमांकन और वन अपराध की जांच कराने की मांग की है। कलेक्टर बालागुरु के. से रातापानी टाइगर रिजर्व में हो रहे कब्जे और खेती पर कार्रवाई के संबंध में चर्चा करनी चाही पर बात नहीं हो सकी।

## छींदापानी जंगल में नाबालिग पर भालू का हमला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इटारसी



इटारसी के केसला ब्लॉक के सुखतवा क्षेत्र स्थित छींदापानी भीलटदेव जंगल में 16 साल के लड़के पर भालू ने हमला कर दिया। हमले में नाबालिग के पेट और पैर में गंभीर चोटें आईं। घायल को इटारसी के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसके घावों पर 20 टांके लगाए। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

घटना गुरुवार शाम करीब 5 बजे की है। घायल विकलेश कासदे (16) पिता रमेश कासदे, जंगल में अपनी गाय को वापस लाने गया था। उसकी मां सुनीता कासदे के मुताबिक, झाड़ियों में छिपे भालू ने अचानक हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। भालू के हटने के बाद लड़के ने जेब से मोबाइल निकालकर परिजनों को फोन किया। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल पहुंचाया। रात करीब 10 बजे घायल को इटारसी के सरकारी अस्पताल लाया गया। डॉ. अनिकेत सिंह ने बताया कि भालू के पंजों से पेट और पैर में गहरे घाव हुए थे। खून का बहाव रोकने और घावों का इलाज करने के लिए 20 टांके लगाए गए हैं। फिलहाल नाबालिग का इलाज जारी है और उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।

# एमपी में मानसून की एंट्री को एक महीना पूरा; सीजन में अब तक 12.8 इंच पानी गिरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को श्योपुर, मंदसौर, रतलाम, आलीराजपुर और पन्ना में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में 24 घंटे के दौरान 4 इंच तक बारिश हो सकती है। वहीं भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत प्रदेश के अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का होने का अनुमान है।

प्रदेश में 24 जून को मानसून ने दस्तक दी थी, तब से अब तक औसतन 12.8 इंच (325.1 मिमी) बारिश दर्ज की गई है। हालांकि यह सामान्य से करीब 10 प्रतिशत कम है। मौसम विभाग के मुताबिक, इस समय तक 14.1 इंच (359.6 मिमी) बारिश हो जाना चाहिए थी।

तीन दिनों में बारिश की कमी लगातार घटी है। 20 जुलाई तक जहां बारिश सामान्य से 17% कम थी, वहीं अब यह घटकर 10% रह गई है। पूर्वी मध्यप्रदेश में 13% और पश्चिमी हिस्से में 6% कम बारिश दर्ज की गई है।

भारी बारिश वाले पांच जिलों के अलावा भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, धार, झाबुआ, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, उज्जैन, देवास, आगर-मालवा, शाजापुर, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, सागर, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी सहित 50 से अधिक जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। प्रदेश के 15 जिलों में बारिश का आंकड़ा प्लस और 41 जिलों में माइनस में है। पूर्वी हिस्से में निवाड़ी ही ऐसा जिला है, जहां औसत से ज्यादा पानी गिरा है। कम बारिश वाले 41 जिलों में अनूपपुर, बालाघाट, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, डिंडौरी, जबलपुर, कटनी, मैहर, मंडला, मऊगंज, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, पन्ना, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, टीकमगढ़, उमरिया, आलीराजपुर, अशोकनगर, बड़वानी, बैतूल, दतिया, धार, गुना, ग्वालियर, झाबुआ, मुरैना, मंदसौर, नर्मदापुरम, रायसेन, रतलाम, शाजापुर, श्योपुर, शिवपुरी और विदिशा शामिल हैं। वहीं, ज्यादा बारिश वाले 14 जिले- निवाड़ी, आगर-मालवा, भिंड, भोपाल, बुरहानपुर, देवास, हरदा, इंदौर, खंडवा, खरगोन, नीमच, राजगढ़, सीहोर और उज्जैन है।

### देवास में 18.5 इंच पानी गिरा, भोपाल-बालाघाट बेहतर

प्रदेश में देवास सबसे ज्यादा बारिश वाला जिला है। यहां 49 प्रतिशत ज्यादा पानी गिर चुका है। मौसम विभाग के आंकड़ों की माने तो यहां अब तक 18.5 इंच बारिश हो चुकी है। बालाघाट में अब तक 18 इंच, भोपाल में 16.4 इंच पानी गिरा है तो सीहोर में 17.2 इंच, हरदा, दमोह-डिंडौरी में 16 इंच, सिवनी में 17 इंच बारिश हो चुकी है। आलीराजपुर में सबसे कम ढाई इंच बारिश दर्ज की गई है।

### जून के बाद जुलाई में भी आंकड़ा कम

मौसम विभाग के अनुसार, जून में कम बारिश हुई, लेकिन जुलाई की शुरूआती दिनों में तेज बारिश होने से यह बढ़ गया। बाद में लगातार 9 दिन से तेज बारिश नहीं होने से लगातार चौथे दिन से आंकड़ा माइनस में आ गया है। बता दें कि इस महीने पूरे मानसून की एक तिहाई बारिश का ट्रेंड है। जैसे- भोपाल में 39 इंच सामान्य बारिश है तो 14 इंच बारिश जुलाई में होती है।

### इंदौर में 24 घंटे में 11.5 इंच बारिश का रिकॉर्ड

इंदौर की बात करें तो 24 घंटे में 11.5 इंच बारिश होने का रिकॉर्ड है, जो 27 जुलाई 1913 में हुई थी। वर्ष 1973 को पूरे महीने 30.5 इंच पानी गिरा था। बारिश के चलते यहां भी तापमान में गिरावट देखने को मिलती है। इंदौर में महीने की एवरेज बारिश 12 इंच है। एवरेज 13 दिन यहां बारिश होती है।

**भोपाल में 41 इंच बारिश का रिकॉर्ड-** राजधानी भोपाल में जुलाई में खूब बारिश होती है। यहां एक ही महीने में 1031.4 मिमी यानी 41 इंच के करीब बारिश होने का रिकॉर्ड है। यह साल 1986 को हुई थी। 22 जुलाई 1973 को एक ही दिन में 11 इंच बारिश हुई थी, जो अब तक का रिकॉर्ड है।

# अगस्त में शुरू होगा किंग का अमेरिका शूटिंग शेड्यूल



**बॉलीवुड** अभिनेता शाहरुख खान की चर्चित फिल्म ह्यकिंगह्न अब अपने अंतिम शूटिंग चरण में पहुंच गई है। इंडस्ट्री से मिली जानकारी के अनुसार...ह्यफिल्म का आखिरी इंटरनेशनल शेड्यूल अगस्त में अमेरिका में शूट किया जाएगा। इसके लिए मेकर्स कई लोकेशनों पर तैयारी कर रहे हैं। अगर सब कुछ योजना के मुताबिक रहा, तो इस शेड्यूल के साथ निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की इस एक्शन थ्रिलर की मुख्य शूटिंग पूरी हो जाएगी। इसके बाद पूरी टीम पोस्ट-प्रोडक्शन, वीएफएक्स और फिल्म को अंतिम रूप देने के काम में जुट जाएगी। इससे पहले फिल्म का एक अहम शेड्यूल जॉर्जिया में पूरा किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म की ज्यादातर शूटिंग पूरी हो चुकी है और अब केवल क्लाइमैक्स का बड़ा एक्शन सीक्वेंस फिल्माया जाना बाकी है। यही वजह है कि मेकर्स लोकेशन चुनने में पूरी सावधानी बरत रहे हैं।

इंडस्ट्री सूत्रों के अनुसार ह्यफिल्म का बड़ा हिस्सा पहले ही जॉर्जिया में शूट किया जा चुका है। अप्रैल और मई के दौरान फिल्म की यूनिट ने वहां कई हफ्तों तक लगातार शूटिंग की, जिसमें बड़े एक्शन और ड्रामेटिक सीक्वेंस फिल्माए गए। इस विदेशी शेड्यूल को फिल्म की प्रिंसिपल फोटोग्राफी का सबसे अहम चरण माना जा रहा है। जॉर्जिया जाने से पहले मुंबई के महबूब स्टूडियो में भी एक महत्वपूर्ण एक्शन ब्लॉक शूट किया गया था, जिसकी पुष्टि उस समय शाहरुख खान के करीबी सूत्रों ने की थी। सूत्रों का कहना है कि फिल्म की टीम पिछले साल जनवरी से इस प्रोजेक्ट पर लगातार काम कर रही है। अब शूटिंग अपने आखिरी चरण में है और अगस्त में प्रस्तावित अमेरिका शेड्यूल के पूरा होते ही फिल्म की मुख्य शूटिंग खत्म हो जाएगी।

## स्टूडियो में फिल्माए गए बड़े एक्शन सीन

यूनिट से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, फिल्म का एक अहम शेड्यूल मुंबई के यशराज स्टूडियो में पूरा किया गया। यह शूटिंग छह दिनों तक चली, जिसमें बड़े पैमाने पर हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस फिल्माए गए। शूटिंग का काम रोज देर रात शुरू होकर तड़के करीब साढ़े चार बजे तक चलता था। इस शेड्यूल में शाहरुख खान ने चार दिनों तक शूटिंग की, जबकि शुरूआती दो दिनों में स्टंट टीम और अन्य कलाकारों के हिस्से के दृश्य फिल्माए गए। पूरे एक्शन ब्लॉक के लिए अत्याधुनिक ग्रीन स्क्रीन तकनीक का इस्तेमाल किया गया, ताकि बाद में विजुअल इफेक्ट्स (वीएफएक्स) की मदद से दृश्यों को और भव्य तथा बड़े पैमाने पर पेश किया जा सके। बता दें कि इस फिल्म में शाहरुख के साथ उनकी बेटी सुहाना खान लीड रोल में नजर आएंगी।

# अश्नीर ग्रोवर की बायोपिक से अलग हुए आमिर खान



बॉलीवुड एक्टर आमिर खान भारतपे के पूर्व को-फाउंडर और बिजनेसमैन अश्नीर ग्रोवर की बायोपिक से बाहर हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म के डायरेक्टर राहुल मोदी के साथ क्रिएटिव डिफरेंस की वजह से आमिर ने इस प्रोजेक्ट को छोड़ने का फैसला किया है। पहले खबर थी कि आमिर इस फिल्म में अश्नीर ग्रोवर का किरदार निभाने वाले थे और उनके साथ श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका में थीं। आमिर के फिल्म छोड़ने के बावजूद मेकर्स इस प्रोजेक्ट पर काम जारी रखेंगे। अब श्रद्धा कपूर और राहुल मोदी अश्नीर के रोल के लिए किसी युवा एक्टर की तलाश कर रहे हैं। आमिर खान को स्टार्टअप्स की दुनिया काफी पसंद है। वे अश्नीर ग्रोवर की बायोपिक को लेकर काफी उत्सुक थे। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने खुद फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम किया था और इसे अपने हिसाब से तैयार करने की कोशिश की। हालांकि, स्क्रिप्ट और फिल्म के डायरेक्शन को लेकर डायरेक्टर राहुल मोदी और आमिर के विचार अलग थे।

# महमूद स्टारकिड भी थे और स्टार के जीजा भी

**हिंदी** फिल्मों के सुपर कॉमेडियन की बात करें तो जेहन में सबसे पहला नाम आता है अभिनेता महमूद का. दमदार अदाकारी, अनोखा अंदाज, गजब के एक्सप्रेशन और जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग से उन्होंने सिनेमा लवर्स को खूब हंसाया. 29 सितंबर 1932 को मुंबई में जन्मे महमूद के पिता मुमताज अली भी मशहूर एक्टर थे. महमूद ने साल 1943 में फिल्म 'किस्मत' से बाल कलाकार के तौर पर शुरुआत की थी. उन्होंने अभिनेता अशोक कुमार के बचपन की भूमिका निभाई थी. इसके बाद कई फिल्मों में छोटे-छोटे किरदार निभाए. महमूद एक स्टारकिड थे, मगर इंडस्ट्री में उनकी सफलता का रास्ता आसान नहीं था. संघर्ष के दिनों में उन्होंने एक्टिंग के अलावा कई छोटे-मोटे काम किए थे. यहां तक कि लोकल ट्रेनों में टॉफियां बेचीं, ड्राइवर की नौकरी की और जूनियर आर्टिस्ट के तौर पर भी काम किया था. फिर उन्हें मीना कुमारी के घर टेबल टेनिस सिखाने का मौका मिला और वह एक्ट्रेस की बहन मधु के प्यार में गिरफ्तार हो गए. 1953 में उन्होंने मधु कुमारी से शादी कर ली. 1967 में तलाक के बाद फिर उन्होंने ट्रेसी अली से दूजा ब्याह रचाया था. महमूद सिर्फ कॉमेडियन नहीं, बल्कि अच्छे अभिनेता, निर्माता और निर्देशक भी थे. उन्होंने 'बॉम्बे टू गोवा' में अमिताभ बच्चन को लीड रोल दिया, जबकि 'छोटे नवाब' के जरिए आर.डी. बर्मन को बतौर संगीतकार ब्रेक दिया था. अपनी कला के दम पर खूब दौलत-शोहरत कमाने वाले महमूद का 23 जुलाई 2004 को अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में निधन हुआ था.



# अकेले विजय को मिले 275 करोड़

**तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री बन चुके साउथ के सुपरस्टार विजय की एक्शन ड्रामा फिल्म 'जन नायकन' गुरुवार को रिलीज हुई है. इस फिल्म का बजट करीब 400 करोड़ रुपए बताया जा रहा है. इसमें से करीब 220 करोड़ से 275 करोड़ रुपए फीस अकेले विजय को मिली है. ऐसा हम नहीं कह रहे हैं, बल्कि कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है. बॉबी देओल फिल्म में निगेटिव रोल निभा रहे हैं, जिन्हें करीब 5 से 10 करोड़ के बीच रकम मिली है. वहीं, फिल्म की लीड एक्ट्रेस फिल्म में पूजा हेगड़े ने करीब 3 करोड़ रुपए चार्ज किए हैं. प्रकाश राज को 5 करोड़, प्रियामणि को 3 करोड़ और ममिता बैजू को लगभग 2 करोड़ रुपए मिले. म्यूजिक कंपोजर अनिरुद्ध रविचंदर भी फीस को लेकर चर्चा में हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो उन्होंने करीब 13 करोड़ रुपए चार्ज किए हैं.




**स्टारकास्ट की एक्टिंग कैसी है ?**-विजय हमेशा की तरह पूरे आत्मविश्वास के साथ नजर आते हैं। एंट्री, एक्शन, संवाद और स्क्रीन प्रेजेंस में उनका जलवा बरकरार है। लेकिन जब पटकथा ही कमजोर हो तो उनका स्टारडम भी फिल्म को ज्यादा दूर नहीं ले जा पाता। ममिता बैजू सबसे ज्यादा प्रभावित करती हैं और भावनात्मक दृश्यों में अपनी छाप छोड़ती हैं।

फिल्म समीक्षा ★★★ जन नायकन

# दंगे भड़काने वालों के खिलाफ थलपति की ललकार

**कलाकार :** सी. जोसेफ विजय, बॉबी देओल, ममिता बैजू, पूजा हेगड़े, प्रकाश राज, गौतम मैनन, प्रियामणि, नरेन, नास्सार
**निर्देशक :** एच. विनोथ / **निर्माता :** वेंकट के. नारायण
**जॉनर :** पॉलिटिकल, एक्शन, इमोशनल थ्रिलर
**अवधि :** 3 घंटे 3 मिनट

**संजय घावरे**

**तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय की फिल्म 'जन नायकन' तमाम तरह की बाधाएं पार करके फाइनली रिलीज हुई है. महिला सशक्तिकरण के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए निर्देशक एच. विनोथ ने इस फिल्म में कई सामाजिक मुद्दों पर बात की है. दक्षिण भारतीय स्टाइल में बनी यह मसाला फिल्म समाज की वास्तविक तस्वीर पेश करती है.

## फिल्म की कहानी कैसी है?

**कहानी वेत्री (विजय) की है, जो जेल में बंद होने के बावजूद सब पर भारी पड़ता है। ईमानदार जेलर श्रीकांत (गौतम वासुदेव मेनन) उसकी इंसानियत पहचानता है, लेकिन एक हादसे के बाद अपनी बेटी विजी (ममिता बैजू) की जिम्मेदारी वेत्री को सौंप देता है। वेत्री उसे सेना में अधिकारी बनाने का सपना पूरा करने निकल पड़ता है।**

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## रंग भरकर चित्र बनाओ








## जोक्स

पिता (बेटे पर गुस्सा करते हुए) - एक काम ढंग से नहीं होता तुझसे।
तुम्हें पुदीना लाने के लिए कहा था और तुम धनिया ले आए...
तुझ जैसे बेवकूफ को तो घर से निकाल देना चाहिए...!
बेटा - पापा चलो इकट्ठे ही चलते हैं...
पिता - क्यों...?
बेटा - क्योंकि मम्मी कह रही थी कि ये मेथी है...!!!
00000000000

संता - सुबह-सुबह पड़ोसन बोल रही थी कि मेरे पेट में चूहे दौड़ रहे हैं...
बंता - तो फिर तुमने क्या किया...?
संता - मैंने उसे चूहे मारने की दवा खिला दी...
दो घंटे से सो रही है,
थैंक्यू भी नहीं बोला...!!!
00000000000

## वर्ग पहेली



### वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. अपनत्व, अपनाव-5
4. खाने लायक तैयार होना-3
6. गोंद, लाख-2
7. पति, शौहर-3
8. जंगल, अरण्य-3
10. उत्साह, ललक-2
11. प्रलय, आफत-3
12. ईश्वर, रब-4
15. वट वृक्ष-4
16. निर्माण (उर्दू-3)
17. धोखा, कपट-2
18. दृष्टि, निगाह-3
20. स्वदेश, मातृभूमि-3
22. एक पैसा-2
23. विजय, जीत-3
24. आत्मबलिदानी, साहसी-5

**ऊपर से नीचे**

1. उपद्रव की स्थिति, अशांति-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. गिरावट, अवनति-3
4. मवाद-2
5. मरियल, दुर्बल-4
8. असरदार, प्रभावी-4
9. नाक छेदना-2,3
13. विदिर्ण, छिन्न भिन्न होना-4
14. मांग, अनुरोध-5
15. बलवा, गदर-4
19. विष, गरल-3
21. अस्तर, स्तर-2
22. देवदास की प्रेमिका-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 55 | | 55 | | 35 | | 20 | = | 15 |
| | | | | | | | | |
| 5 | | 20 | | 75 | | 10 | = | 35 |
| | | | | | | | | |
| 23 | | 3 | | 55 | | 15 | = | 60 |
| | | | | | | | | |
| 20 | | 30 | | 45 | | 20 | = | 25 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 7 | | 8 | | 10 | | 5 | = | 10 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में उन देशों के नाम ढूंढिए जो ऐथेंस 2004 ओलम्पिक में प्रथम स्थानों पर रहे. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.

अमेरिका, चीन, रुस, आस्ट्रेलिया, जापान, जर्मनी, फ्रांस, इटली, दक्षिण कोरिया, ग्रेट ब्रिटेन

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | 3 | 6 | | 2 |
| | 35 | | 30 | 1 | 32 | |
| 4 | 1 | 5 | | | 7 | 3 |
| | 26 | 2 | 34 | 4 | 31 | |
| 2 | | 7 | | | 6 | |
| | 29 | 4 | 40 | 5 | 34 | 6 |
| 5 | | 3 | | | 2 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 55 | + | 15 | - | 60 | + | 10 | = | 20 |
| - | | + | | - | | + | | - |
| 46 | + | 17 | - | 60 | + | 15 | = | 18 |
| x | | - | | + | | - | | + |
| 2 | x | 10 | + | 25 | + | 10 | = | 55 |
| - | | + | | - | | + | | - |
| 10 | • | 5 | x | 10 | - | 5 | = | 15 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 8 | + | 27 | - | 15 | - | 20 | = | [illegible] |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2 | 39 | 1 | 29 | 6 | 26 | 5 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 4 | 30 | 2 | 27 | 1 | 31 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 6 | 30 | 6 | 39 | 4 | 35 | 3 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकु नवताल-

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

# बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन जल्द दे सकते हैं इस्तीफा


बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन अपने पांच साल के कार्यकाल की समाप्ति से करीब दो साल पहले ही इस्तीफा दे सकते हैं। बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से यह दावा किया जा रहा है। मोहम्मद शहाबुद्दीन ने अप्रैल 2023 में राष्ट्रपति पद संभाला था। जुलाई-अगस्त 2024 में हुए छात्र आंदोलन के बाद अवामी लीग सरकार सत्ता से बाहर हो गई थी।

उस आंदोलन के कारण तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़ना पड़ा था। इसके बाद शहाबुद्दीन ही अवामी लीग सरकार के दौर के एकमात्र संवैधानिक पदाधिकारी हैं, जो अब तक अपने पद पर बने हुए हैं। पिछले दो दिनों में उनके इस्तीफे की चर्चा और तेज हो गई है। बांग्लादेश के कई मीडिया संस्थानों ने खबर दी है कि मौजूदा सरकार अब राष्ट्रपति के पद पर शहाबुद्दीन के बने रहने से सहज नहीं है। अखबार प्रोथोम आलो ने सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से बताया कि सरकार इस बात से नाराज है कि राष्ट्रपति ने हाल ही में शेख हसीना से दोबारा संपर्क करने की कोशिश की थी। वहीं द डेली स्टार ने बीएनपी के एक सीनियर नेता के हवाले से लिखा कि शहाबुद्दीन और शेख हसीना के बीच कथित फोन पर हुई बातचीत ही इस्तीफे की एकमात्र वजह नहीं है। नेता के अनुसार, शेख हसीना द्वारा दिसंबर में बांग्लादेश लौटने की घोषणा के बाद देश का राजनीतिक माहौल और ज्यादा संवेदनशील हो गया है।

# भारत का पाकिस्तान को जवाब: कहा- आतंकवाद से सहयोग का आधार खत्म

भारत ने UNSC में पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद ने दोनों देशों के बीच सहयोग का आधार खत्म कर दिया है। भारत ने स्पष्ट किया कि आपसी विश्वास और सद्भावना के बिना सिंधु जल संधि के तहत सहयोग की उम्मीद नहीं की जा सकती। प्राकृतिक संसाधन शासन पर UNSC की हाई-लेवल ओपन डिबेट में पाकिस्तान के बयान का जवाब देते हुए राजदूत हरीश पारवतननेनी ने कहा कि पाकिस्तान ने इस मंच का इस्तेमाल ₹झूठा नैरेटिव₹ फैलाने के लिए किया। उन्होंने कहा कि भारत का सिंधु जल संधि पर रुख स्पष्ट और लगातार एक जैसा रहा है। सीमा पार आतंकवाद को राज्य की नीति के साधन के रूप में इस्तेमाल किए जाने के बीच आपसी विश्वास और सद्भावना के आधार पर सहयोग की उम्मीद नहीं की जा सकती। भारत ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा। राजदूत ने कहा कि पाकिस्तान इस संवैधानिक और कानूनी वास्तविकता को जानबूझकर नजरअंदाज करता है। भारत ने यह भी कहा कि वह मानवीय आधार पर पाकिस्तान को बाढ़ की चेतावनी देता रहेगा और अपने हिस्से के जल संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल के लिए जलविद्युत परियोजनाओं को तेज करेगा।

### चेक गणराज्य में सेना का हेलिकॉप्टर क्रैश, 5 सैनिक थे सवार; एक की मौत की खबर



चेक गणराज्य के पूर्वी हिस्से में गुरुवार को सेना का एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलिकॉप्टर में 5 सैनिक सवार थे। चेक सेना ने बताया कि हादसा नामेस्ट नाद ओस्लावोउ स्थित सैन्य अड्डे पर हुआ। हादसे के बाद आपातकालीन सेवाओं की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। समाचार एजेंसी उळड के मुताबिक, हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है। सेना ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त हेलिकॉप्टर वल्ह-1 वेनम था। यह बेल टेक्सट्रॉन द्वारा निर्मित बहुउद्देश्यीय हेलिकॉप्टर है, जिसमें जनरल इलेक्ट्रिक के दो T700-GE-401C इंजन लगे होते हैं।

### फ्रांस में जंगल की आग के कारण 10 हजार से ज्यादा लोग सुरक्षित निकाले गए

दक्षिण-पश्चिम फ्रांस में तेजी से फैल रही जंगल की आग के कारण रातभर में 10 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। अधिकारियों के मुताबिक, बोर्डो शहर के पश्चिम में लगी आग अब तक करीब 2 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को अपनी चपेट में ले चुकी है। आग पर काबू पाने के लिए करीब 500 दमकलकर्मी जुटे हुए हैं। स्थानीय प्रशासन के अनुसार, आग बेहद तेजी से फैल रही है, हालांकि अब तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। यह आग आकार्शों खाड़ी के पास लगी है, जो पर्यटकों के बीच लोकप्रिय इलाका है। आग के कारण निकाले गए लोगों में बड़ी संख्या में कैंपिंग साइट्स पर ठहरे पर्यटक शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार, इस साल अब तक यूरोप में जंगल की आग से जलने वाला क्षेत्र पिछले 20 वर्षों के वार्षिक औसत से अधिक हो चुका है। दुनिया के सबसे तेजी से गर्म हो रहे महाद्वीप यूरोप में इस साल अब तक लगातार तीन भीषण हीटवेव भी पड़ चुकी हैं।

# फ्रांस में 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन: ऐसा करने वाला पहला देश

फ्रांस की संसद ने 15 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर रोक लगाने वाला बिल पास कर दिया है। इसके साथ ही फ्रांस ऐसा कानून बनाने वाला एव का पहला देश बन गया है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बिल का समर्थन किया है और इसे सितंबर से लागू करने की तैयारी है। कानून लागू कराने की जिम्मेदारी डिजिटल रेगुलेटरX Arcom की होगी। हालांकि, बच्चों की उम्र की जांच कैसे होगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है। फ्रांस के बाद ब्रिटेन, स्पेन, ग्रीस और डेनमार्क भी सोशल मीडिया के लिए न्यूनतम उम्र तय करने की तैयारी में हैं। फ्रांस के कई माता-पिता ने फैसले का स्वागत किया है, जबकि कुछ किशोरों को एजुकेशनल कंटेंट और दोस्तों से संपर्क प्रभावित होने की चिंता है। शिक्षा मंत्री और एमनेस्टी इंटरनेशनल ने भी कहा है कि सिर्फ बैन काफी नहीं होगा, बच्चों को डिजिटल दुनिया के सुरक्षित इस्तेमाल के बारे में शिक्षित करना भी जरूरी है।

# राजस्थान-मुंबई रूट की 3 ट्रेन कैंसिल, आज भारी बरसात का अलर्ट

**ब्रह्मास्त्र** ▶▶ जयपुर

राजस्थान में भारी बारिश का दौर जारी है। शुक्रवार (24) को 2 जिलों बांसवाड़ा और डूंगरपुर में भारी बारिश का रेड अलर्ट हैं। वहीं, 9 जिलों में ऑरेंज और अन्य में यलो अलर्ट है। शुक्रवार सुबह से अलवर सहित कई जिलों में रुक-रुककर बरसात हो रही है। वहीं, महाराष्ट्र और गुजरात में तेज बरसात का असर राजस्थान के रेलवे ट्रैफिक पर हुआ है। मुंबई रूट की 3 ट्रेनों को कैंसिल किया गया है।

इससे पहले गुरुवार को बाड़मेर, जालोर, सिरोही, उदयपुर, जैसलमेर, पाली, भीलवाड़ा सहित कई जिलों में भारी बारिश हुई। भीलवाड़ा के रायपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में बिजली गिरने से नाना-दोहिती की मौत हो गई। वहीं, उदयपुर के लसाड़िया में 24 घंटे में 11 इंच से ज्यादा पानी बरसा। मौसम विभाग के अनुसार 27 जुलाई तक तेज बारिश का दौर जारी रहेगा। तेज बारिश के बीच गिरी बिजली: भीलवाड़ा जिले के कई इलाकों में गुरुवार देर शाम तेज बारिश हुई। इस दौरान कलाल खेड़ी गांव बिजली गिरने से एक बुजुर्ग चरवाहे धर्मा नाथ और 11 साल की दोहिती गायत्री नाथ की मौत हो गई। हादसे में 7 बकरियां भी जल गईं। वहीं, महाराष्ट्र और गुजरात में भारी बारिश के कारण जोधपुर और जैलसमेर से मुंबई जाने वाली तीन ट्रेनें प्रभावित हुई हैं।

नदियां उफान पर: भारी बारिश से राजस्थान में जनजीवन पर भी असर दिखना शुरू हो गया। हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, ब्यावर, भीलवाड़ा, उदयपुर समेत कई इलाकों में खेत जलमग्न हो गए। डूंगरपुर में सोम और माही नदियां उफान पर हैं। पानी भरने, बरसाती नदियां चलने और पुलिया ढहने से गांवों और छोटे कस्बों के रास्ते बंद हो गए हैं।

यहां हुई बारिश: भीलवाड़ा के बागोर में 60 मिमी (टट), हमीरगढ़ में 50 मिमी, उदयपुर के पास सलूंबर में 61 मिमी, झालड़ा में 62 मिमी, बाड़मेर के पचपदरा में 51 मिमी, पाटौदी में 55 मिमी, राजसमंद के आमेट में 61 मिमी, सरदारगढ़ में 54 मिमी, राजसमंद शहर में 49 मिमी, चित्तौड़गढ़ के राश्मी में 53 मिमी, भदेसर में 45 मिमी और जालौर में 51 मिमी बरसात दर्ज हुई।

4 दिन जारी रहेगा तेज बारिश का दौर: मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- राजस्थान में वर्तमान में तीन अलग-अलग सिस्टम एक्टिव हैं, जिसके असर से अगले चार दिन पूरे राजस्थान में बारिश होने की संभावना है। दक्षिणी राजस्थान पर एक शियर जोन (डायवर्जन) बन गया है, जिसमें पश्चिम से आने वाली और पूर्व (बंगाल की खाड़ी) से आने वाली हवा डायवर्ट हो रही है।

### ईरान पर सबसे बड़े हमले की तैयारी में अमेरिका:

# ट्रम्प बोले- फैसला लेना बाकी; ईरान ने कहा- इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी



**1. दो जहाजों पर हमला**
यमन के हूती विद्रोहियों ने रेड सी में सऊदी अरब के दो तेल टैंकर एन्सेलिया और लैला पर बैलिस्टिक मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया। संगठन का कहना है कि दोनों जहाजों में आग लग गई।

**2. जहाजों ने रास्ता बदला**
बाब अल-मंदेब स्ट्रेट पार करने की कोशिश कर रहे कम से कम 10 जहाजों को अपना रास्ता बदलना पड़ा है। अब ये जहाज अफ्रीका के दक्षिणी सिरे केप ऑफ गुड होप के रास्ते लंबा सफर तय कर रहे हैं।

**3. ब्रिटेन ने मंजूरी दी**
ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री एंडी बर्नहैम ने ईरान के खिलाफ अमेरिका को ब्रिटिश सैन्य अड्डों के इस्तेमाल को मंजूरी दे दी है। हिंद महासागर में डिएगो गार्सिया और ग्लॉस्टरशायर का फेयरफोर्ड एयरबेस अमेरिकी विमानों के इस्तेमाल के लिए उपलब्ध रहेंगे।

**4. 26,000 उड़ानें रद्द**
अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण 20 जुलाई तक भारतीय एयरलाइंस को करीब 26 हजार अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। इसके अलावा कई उड़ानों का रास्ता बदला गया और उनमें देरी भी हुई।

**5. रक्षा बजट पास**
ट्रम्प को ईरान युद्ध के बीच बड़ी राजनीतिक जीत मिली है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने 95 अरब डॉलर का रक्षा बजट प्रस्ताव 216-214 वोटों से मंजूर कर दिया।अब इसे मंजूरी के लिए सीनेट में जाएगा। इससे ईरान युद्ध और अन्य राष्ट्रीय सुरक्षा जरूरतों के लिए अतिरिक्त फंड मिलेगा।

**ब्रह्मास्त्र** ▶▶ तेल अवीव/तेहरान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका ईरान पर सबसे बड़ा हमला करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, ₹तैयारी पूरी है, अब सिर्फ फैसला लेना बाकी है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि ईरान ने अभी तक पर्याप्त दर्द नहीं झेला है।

ट्रम्प के बयान के बाद ईरान ने भी तुरंत जवाब दिया। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अगर अमेरिका ने हमले जारी रखे तो उसे इसकी और भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि युद्ध खत्म करने का रास्ता बातचीत है, नए हमले नहीं। इधर, ब्रिटेन ने भी अपनी सेना को अलर्ट पर रखा है। ब्रिटिश सरकार का कहना है कि जरूरत पड़ने पर उसकी सेना देश की सुरक्षा के लिए तैयार है। इससे पहले ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने चेतावनी दी थी कि अगर अमेरिका ने ब्रिटेन के सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल किया तो उन्हें भी निशाना बनाया जा सकता है।

### अमेरिका में जेनेरिक दवाओं पर ट्रम्प का नया टैरिफ प्लान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका में आयात होने वाली जेनेरिक दवाओं पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। अगले दो साल तक ये दवाएं बिना किसी ड्यूटी के अमेरिका जा सकेंगी, लेकिन इसके बाद 100% और फिर 200% तक टैरिफ लगाया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर बताया कि 1 अगस्त 2026 से अमेरिका में आने वाली सभी जेनेरिक दवाओं पर अगले दो सालों तक शून्य टैरिफ जारी रहेगा। दो साल बाद अगले एक साल के लिए टैरिफ 100% और उसके बाद इसे 200% हो जाएगा। ट्रम्प के मुताबिक, इस नीति का मुख्य उद्देश्य जेनेरिक दवाओं के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट अमेरिका के भीतर वापस लाना है। उन्होंने कहा कि जिन कंपनियों को समय सीमा दी गई है, अगर वे अमेरिका के भीतर अपने प्लांट और उपकरण नहीं लगाती हैं, तो उन्हें पेनल्टी के रूप में टैरिफ चुकाना होगा। हालांकि, पेटेंटेड, ब्रांडेड या इनोवेटिव दवाओं पर मौजूदा नीति पहले की तरह ही बनी रहेगी। अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (ऋऊअ) के आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका में डॉक्टरों की लिखी जाने वाली कुल दवाओं में 90% से अधिक हिस्सेदारी जेनेरिक दवाओं की ही होती है। वहां का हेल्थकेयर सिस्टम काफी हद तक सस्ती जेनेरिक दवाओं पर निर्भर है।

### 20 हजार की रिश्वत लेते कॉन्स्टेबल गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र** ▶▶ जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने गुरुवार शाम जयपुर में कॉन्स्टेबल नोरत मीणा को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी मुहाना थाना क्षेत्र में आपातकालीन सेवा 112 ईआरवी में तैनात है। आरोपी पर एक परिवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं करने की एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है। मामले में एक अन्य आरोपी कांस्टेबल सुरेश चौधरी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। शिकायतकर्ता के परिवार की सब्जी की दुकान है। आरोप है कि कॉन्स्टेबल नोरत मीणा ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं करने के बदले 50 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। साथ ही पीड़ित परिवार को लगातार धमकाने और एससी-एसटी (रउ-रळ) एक्ट में झूठा मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देने का भी आरोप है।

### इजराइल के विरोध के बावजूद ट्रम्प की मंजूरी

# ईरान जंग के बीच अमेरिका का सऊदी अरब से परमाणु समझौता, खतरा बढ़ेगा

**ब्रह्मास्त्र** ▶▶ सऊदी अरब

सऊदी अरब ने बुधवार को अमेरिका के साथ एक अहम परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इसके तहत अमेरिका, सऊदी अरब को असैन्य (बिजली बनाने के लिए) परमाणु तकनीक देगा। यह समझौता ऐसे समय में हुआ है, जब पूरे मिडिल ईस्ट में युद्ध और तनाव का माहौल है।

इस समझौते को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की बड़ी कूटनीतिक सफलता माना जा रहा है। वह पिछले पांच साल से भी ज्यादा समय से यह समझौता चाह रहे थे।



रिपोर्ट्स के मुताबिक इजराइल समेत अमेरिका के कई अधिकारी और न्यूक्लियर एक्सपर्ट्स इसका विरोध कर रहे थे। उनका कहना था कि यदि सऊदी अरब को यूरेनियम संवर्धन की तकनीक मिल गई, तो भविष्य में वह परमाणु हथियार बनाने की दिशा में भी बढ़ सकता है। इससे पूरे मिडिल ईस्ट में परमाणु हथियारों की नई होड़ शुरू होने का खतरा पैदा हो सकता है।

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान पहले कई बार कह चुके हैं कि अगर ईरान परमाणु हथियार बना लेता है, तो सऊदी अरब भी परमाणु हथियार हासिल करने की दिशा में कदम उठाएगा।

#### यह समझौता विवादों में क्यों है?

अमेरिका अब तक 26 देशों के साथ ऐसा समझौता कर चुका है। भारत के साथ अमेरिका ने 2008 में परमाणु समझौता किया था। अमेरिका गैर-परमाणु देशों के साथ समझौता करते समय शर्त रखता है कि वे देश यूरेनियम संवर्धन खुद नहीं करेंगे, लेकिन इस समझौते में यह शर्त नहीं है। सऊदी अरब में यूरेनियम के भंडार मौजूद हैं। अगर उसे यूरेनियम संवर्धन की इजाजत मिलती है, तो वह आगे परमाणु ईंधन तैयार कर सकेगा।

सऊदी अरब का मकसद 2030 तक अपनी बिजली का बड़ा हिस्सा परमाणु ऊर्जा से पैदा करना है, ताकि तेल पर निर्भरता कम हो।

### किराए की बेसमेंट के लिए ऑनलाइन बुकिंग कर एडवांस रुपए लेती; शिफ्ट करने पर ठगी का पता चलता

**ब्रह्मास्त्र** ▶▶ कनाडा

पंजाबी मूल की 27 साल की युवती ने कनाडा में रेंट के नाम पर 17 लोगों से 41 लाख रुपए (60 हजार डॉलर) ठग लिए। युवती ने सोशल मीडया प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग लोकेशन पर मकान दिखाए थे। हर मकान का 1700 डॉलर के करीब रेंट बताया गया।

लोगों ने सोशल मीडिया पर ही मकान देख युवती से बात की। उसने लोगों को झांसे में लेकर पेमेंट ले ली। जब लोग दिए गए पतों पर अपना-अपना सामान लेकर पहुंचे तो उन्हें झटका लगा। ठगी का पता चलने पर पील रीजनल पुलिस से संपर्क किया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर युवती को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवती की पहचान सवरीत कौर के रूप में हुई है। वह कनाडाई नागरिक है और ब्रैम्पटन में ही रह रही है। पुलिस ने युवती की फोटो जारी कर लिखा है कि लोग इसे देख लें और इस ठग से अलर्ट रहें।

### पीएम का रात 12 बजे छात्रों के लिए वीडियो संदेश

# मोदी ने कहा- पेपर लीक पर कैबिनेट सख्त फैसला लेगी, जल्द बिल पास कराएंगे

**ब्रह्मास्त्र** ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार आधी रात 12 बजे छात्रों के लिए वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि सरकार पेपर लीक के खिलाफ कड़ी सजा का प्रावधान करने वाला कानून बनाएगी।

पीएम ने बताया कि कैबिनेट में इससे जुड़े मसौदे पर आज चर्चा होगी और सख्त फैसले लिए जाएंगे। मंजूरी मिलने के बाद इसे अगले हफ्ते संसद में पेश किया जाएगा। साथ ही इसे जल्द पास कराने की कोशिश होगी।

पीएम मोदी ने हैंडल पर 2.56 मिनट का एक वीडियो मैसेज पोस्ट किया। कहा- पेपर लीक कोई मामूली विषय नहीं है। लाखों छात्रों, उनके माता-पिता के लिए पीड़ादायक है। इसलिए पेपर लीक से अब तक, पिछले ढाई महीनों में कई कदम उठाए हैं। गुनहगारों को पकड़ा है, वे जेल में हैं। हमारी जिम्मेदारी थी कि छात्रों का साल बर्बाद न हो, इसलिए कम समय में 22 लाख छात्रों का एग्जाम कराया। 19 जुलाई को रिजल्ट भी आ गया। उन्होंने यह भी कहा- हम इतने से संतोष करने वाले नहीं हैं। इसलिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने का निर्देश दिया है। विभागों ने देर रात मुझे मसौदा भेजा है। इसमें फास्ट ट्रैक कोर्ट और कठोर सजा के प्रावधान हैं। इस पर शुक्रवार को कैबिनेट के बीच चर्चा होगी।

राहुल गांधी ने पर एक पोस्ट में इसे आधी रात का बेकार वीडियो बताया। उन्होंने लिखा- मिस्टर मोदी, हमारे छात्र धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। आधी रात के इस बेकार वीडियो से उनकी समझदारी का अपमान न करें। प्रधान को हटाएं, छात्रों को पीटने वालों को सजा दें और माफी मांगें।

CJP ने कहा है कि परीक्षा में गड़बड़ी के खिलाफ सरकार जो सबसे सख्त कार्रवाई कर सकती है, वह केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान को हटाना है। CJP के राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा- मोदी जी, कल ही धर्मेंद्र प्रधान को हटा दीजिए। यही सबसे सख्त कार्रवाई है जो आप कर सकते हैं।

पीएम मोदी ने गुरुवार को ही पेपर लीक केस के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाने की बात कही थी। दरअसल, यह पूरा मामला 3 मई को हुए NEET UG पेपर लीक से जुड़ा है। इसी NEET पेपर लीक के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक महीने से कॉकरोच जनता पार्टी प्रदर्शन कर रही है। सोनम वांगचुक ने 26 दिन अनशन किया और संसद में सांसद हंगामा कर रहे हैं।

# नेपाली पीएम बालेन शाह ने अपना ही नियम क्यों तोड़ा

## भारत और चीन के राजदूतों से मुलाकात करेंगे; 3 महीने में ही फैसले से पलटे

**ब्रह्मास्त्र** ▶▶ काठमांडू

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह (बालेन शाह) पहली बार अपने बनाए नियम से हटकर विदेशी राजदूतों से अलग-अलग मुलाकात करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने तय किया था कि वह किसी भी विदेशी राजदूत से अकेले मुलाकात नहीं करेंगे।

नेपाली मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बालेन शाह भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव और चीन के राजदूत झांग माओमिंग से अलग-अलग मुलाकात करेंगे। इसे नेपाल की उस नीति का हिस्सा माना जा रहा है, जिसके तहत वह अपने दोनों सबसे बड़े पड़ोसियों के साथ संतुलित रिश्ते बनाए रखना चाहता है।

बालेन शाह नहीं चाहते थे कि भारत या चीन में से किसी को यह लगे कि दूसरे देश को ज्यादा महत्व दिया जा रहा है। इसी वजह से उन्होंने दोनों देशों के राजदूतों से एक ही दिन अलग-अलग मुलाकात करने का फैसला किया है। दोनों बैठकें एक के बाद एक होंगी, ताकि दोनों देशों के साथ समान व्यवहार का मैसेज जाए। नेपाल सरकार ने पुष्टि की है कि भारत और चीन के राजदूतों के साथ अलग-अलग बैठकें इसी सप्ताह होंगी।

हालांकि, दोनों बैठकों की सटीक तारीख अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। नेपाल का विदेश मंत्रालय इन बैठकों की अंतिम तैयारियों में जुटा है। बालेन शाह ने पीएम बनने के बाद विदेशी राजनयिकों से सिर्फ समूह (ग्रुप) में मुलाकात करने की नीति अपनाई।

नेपाल में नई सरकार बनने पर खासकर भारत, चीन और अमेरिका जैसे प्रभावशाली देशों के राजदूत सीधे प्रधानमंत्री के निजी आवास पर जाकर अलग-अलग मुलाकात करते थे।

इन बैठकों में विदेश मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद नहीं होते थे और न ही इनका कोई आधिकारिक रिकॉर्ड रखा जाता था। नेपाल में लंबे समय से यह परंपरा रही थी कि बड़े देशों के राजदूत जब चाहें प्रधानमंत्री से व्यक्तिगत मुलाकात कर लेते थे।



### पीएम बनने के बाद बालेन शाह ने क्या बदलाव किए

बालेन शाह ने तय किया कि वह किसी भी विदेशी राजदूत या प्रतिनिधि से अकेले मुलाकात नहीं करेंगे। इसके लिए उन्होंने एक अलग रैंक प्रोटोकॉल बनाया था। नए नियम के मुताबिक, वह सिर्फ किसी देश के राष्ट्राध्यक्ष/प्रधानमंत्री या विदेश मंत्री स्तर के अधिकारी से ही अकेले व्यक्तिगत बैठक करेंगे। निचले स्तर के अधिकारियों, राजदूतों या उप-मंत्रियों से वे अकेले मिलने के बजाय विदेश मंत्रालय के माध्यम से या फिर ग्रुप मीटिंग के जरिए ही मिलेंगे। उनका मानना था कि विदेश नीति व्यक्तिगत मुलाकातों के बजाय सरकार और विदेश मंत्रालय के तय ढांचे के तहत चलनी चाहिए। उनका मानना था कि कई शक्तिशाली देश सरकारी व्यवस्था को दरकिनार कर सीधे नेपाल के टॉप नेताओं तक पहुंच बनाने की कोशिश करते रहे हैं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 24 जुलाई, 2026

### सुभाषितानि

अग्निना सिच्यमानोऽपि वृक्षो वृद्धिं न चाप्नुयात्।
तथा सत्यं विना धर्मः पुष्टिं नायाति कर्हिचित्॥

**भावार्थ** : अग्नि से सींचे हुए वृक्ष की वृद्धि नहीं होती, जैसे सत्य के बिना धर्म पुष्ट नहीं होता।

नानृतात्पातकं किञ्चित् न सत्यात् सुकृतं परम्।
विवेकात् न परो बन्धुः इति वेदविदो विदुः॥

**भावार्थ** : वेदों के जानकार कहते हैं कि अनृत (असत्य) के अलावा और कोई पातक नहीं; सत्य के अलावा अन्य कोई सुकृत नहीं और विवेक के अलावा अन्य कोई भाई नहीं।

## सम्पादकीयम्

### पीओके अशान्तिः

पीओके इत्यस्मिन् अशान्तिः आरक्षिताः आसनानि जन आक्रोशं जनयन्ति; पाकिस्तानस्य नीतीनां विषये गम्भीराः प्रश्नाः उत्थापिताः पाकिस्तान-कब्जित-कश्मीरे आरक्षित-सीटानां विषये यत् हिंसां प्रवृत्ता अस्ति, तस्मात् इस्लामाबादस्य नीतीनां विषये प्रश्नाः उत्पन्नाः सन्ति। सुरक्षाबलानाम् कार्याणि, जेएएसी-प्रतिबन्धः, वर्धमानः जनक्रोधः च अस्मिन् क्षेत्रे असन्तुष्टिं गभीरं कृतवन्तः। पाकिस्तान-कब्जित-कश्मीरे हिंसायाः कारणात् इस्लामाबाद-नगरस्य असफलताः उजागरिताः सन्ति। तत्र वर्तमानस्थितिः न षड्यंत्रस्य, आकस्मिकस्य क्रोधस्य वा प्रकोपस्य परिणामः; अपितु वर्षाणां दमित-असन्तुष्टेः कारणम् अस्ति। नागरिकानां वधः : अन्तर्राष्ट्रीयमाध्यमानां अनुसारं पीओके इत्यत्र अन्तर्जालः निरुद्धः अस्ति, सेना च वीथिषु गस्तं कुर्वती अस्ति। सुरक्षाबलानाम् गोलीकाण्डे अनेके नागरिकाः मृताः सन्ति। यद्यपि दुर्घटनानां संख्या भिन्ना भवति तथापि आतङ्कजनकः पक्षः अस्ति यत् सेना निःशस्त्रजनानाम् विरुद्धं कथं स्वशक्तिं विमोचयितुं शक्नोति। एतादृशानां कठोरपरिहारानाम् अभावेऽपि जन आक्रोशः अद्यापि वर्तते। अस्मिन् समये पीओके विधानसभायाः १२ आरक्षितानां आसनानां कृते एषः विषयः आरब्धः। एतानि आसनानि जम्मू-कश्मीरे मूलं दापयन्तः शरणार्थीनां कृते आरक्षिताः सन्ति।

**परिषद् स्पष्टीकृतवती यत् मुकदमेषु सफलतायाः गारण्टी, कतिपयपरिणामानां प्रतिज्ञा**

# सनसनीखेज-लघुचित्रम्, क्लिक्बेट्-शीर्षकाणि, अन्येषां अधिवक्तृणां अपेक्षया

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

परिषद् स्पष्टीकृतवती यत् मुकदमेषु सफलतायाः गारण्टी, कतिपयपरिणामानां प्रतिज्ञा, सनसनीखेज-लघुचित्रम्, क्लिक्बेट्-शीर्षकाणि, अन्येषां अधिवक्तृणां अपेक्षया श्रेष्ठतायाः प्रतिपादनं वा इत्यादीन् दावान् कुर्वन्तः सामाजिकमाध्यम-पोस्ट्-आदयः अनैतिक-आग्रहस्य वर्गे पतन्ति।

परिपत्रे अधिवक्तारः न्यायालयपरिसरस्य, न्यायालयस्य कक्षस्य, गलियारस्य, बारकक्षस्य, कक्षस्य, न्यायिकभवनानां वा अन्तः रील्, वीडियो, फोटो, प्रचारसामग्री वा निमार्तुं निवृत्ताः भवेयुः इति सल्लाहं ददाति। व्यक्तिगतप्रचाराय अथवा सामाजिकमाध्यमब्राण्डिंग् कृते न्यायालयभवनानां, न्यायालयस्य नामानां, साइनबोर्डस्य, अधिवक्ता गाउनस्य, बैण्ड्, संक्षिप्तवस्त्रस्य, कारणसूचीनां, सञ्चिकानां, ग्राहकदस्तावेजानां, कक्षपृष्ठभूमिकानां वा उपयोगं अपि निषिद्धं करोति।

बीसीआई इत्यनेन उक्तं यत् अधिवक्तारः ग्राहकानाम्, प्रकरणरणनीतयः, निपटानवातार्लापाः, कानूनीमताः, मसौदाः, याचिकाः, विशेषाधिकारयुक्तसञ्चारः, अन्यगोपनीयसामग्री वा इति विषये किमपि गोपनीयसूचना सार्वजनिकं कर्तुं न शक्नुवन्ति। अपि च, एतादृशी सामग्री प्रशिक्षुणां, कनिष्ठानां, सहकारिणां, लिपिकानां, कर्मचारिणां, सामाजिकमाध्यमसञ्चालकानां वा माध्यमेन प्रकाशयितुं न शक्यते यदि अधिवक्तारः एव प्रकाशयितुं अधिकृताः न सन्ति। परिषद् इत्यनेन न्यायिककार्यवाही प्रभावितं कर्तुं, पक्षानाम् अथवा अधिवक्तानां प्रतिष्ठां क्षतिं कर्तुं, न्यायालयस्य गौरवस्य क्षतिं कर्तुं वा शक्नुवन्ति इति लंबितप्रकरणेषु सार्वजनिकटिप्पणीः न कर्तुं सल्लाहः अपि दत्तः अस्ति। अपि च, व्यावसायिक आचारसंहिताद्वारा स्पष्टतया निषिद्धानि कार्याणि नकलीलेखानां, छद्मनामपरिचयानां, प्रॉक्सीलेखानां वा माध्यमेन कर्तुं न शक्यन्ते। परिपत्रे कृत्रिमनिर्णयानां, निर्मितानाम् न्यायिकप्रशस्तिपत्राणां, परिवर्तितानां आदेशानां, नकलीकारणसूचीनां, मिथ्याश्रवणविवरणस्य, न्यायालये उपस्थितेः विषये भ्रामकदावानां, सफलतायाः मिथ्यादावानां, नकलीग्राहकप्रशस्तिपत्राणां च प्रकाशनं निषिद्धम् अस्ति तथैव गारण्टीड् जमानत, कतिपयेषु दिनेषु तलाकः, आश्वासितः निर्दोषता, निश्चितः वासः, अथवा तत्क्षणं राहतं इत्यादयः दावाः अनैतिकाः इति गण्यन्ते यतः ते जनसमूहं भ्रमयन्ति परिषद् नकली अनुयायिनां क्रयणं, नकलीसमीक्षां, बॉट्-आधारितं प्रचारं, अथवा अप्रकटित-सशुल्क-प्रचारं अनुचित-आचरणरूपेण अपि वर्गीकृतवती अस्ति।




यदि एआइ इत्यस्य उपयोगः सामग्रीं सज्जीकर्तुं वा तस्य महत्त्वपूर्णं संशोधनं कर्तुं वा कृतः अस्ति तर्हि यत्र आवश्यकं तत्र एतत प्रकटितव्यम्। अपि च, कोऽपि व्यक्तिः एतादृशी सामग्रीं प्रकाशयितुं न शक्नोति यत् भ्रामक-आभासं प्रसारयति-यथा न्यायालये व्यक्तिगतरूपेण तर्कं कृतवान्, राहतं प्राप्तवान्, अथवा प्रकरणं कृतवान् इति दावान् करोति-यदा वास्तविकस्थितिः भिन्ना भवति। परिषद् विधिशास्त्रस्य छात्राणां विषये महत्त्वपूर्णानि निदेर्शानि अपि निर्गतवती अस्ति। परिपत्रानुसारं एलएल.बी., एलएल.एम., अथवा डिप्लोमा पाठ्यक्रमेषु नामाङ्कनं कुर्वन् प्रत्येकं छात्रं प्रवेशसमये तथा च इण्टर्न्शिप् आरभ्यतुं पूर्वं लिखितं उपक्रमं दातव्यम्।

**विस्तृतस्वास्थ्यपरीक्षां**

## वाङ्गचुक इत्यस्य समर्थकाः आन्दोलनेन

ब्रह्मास्त्र ›› नवदेहली

विस्तृतस्वास्थ्यपरीक्षां कृत्वा आवश्यकचिकित्सां प्राप्तुं चिकित्सालये निक्षिप्तः। परन्तु वाङ्गचुक इत्यस्य समर्थकाः आन्दोलनेन सह सम्बद्धाः च पुलिसकार्याणि विषये गम्भीरान् प्रश्नान् उत्थापितवन्तः। आन्दोलनस्य प्रतिनिधिभिः आरोपः अस्ति यत् पुलिसकर्मचारिणः सादावस्त्रेण जन्तरमन्तरम् आगत्य चिकित्सादलस्य सदस्यत्वेन विरोधस्थले प्रविष्टाः। तदनन्तरं ते स्वयंसेवकान् निष्कास्य वाङ्गचुकं चिकित्सालयं नेतुम् अस्थापयत्। समर्थकाः आरोपयन्ति यत् एषा समग्रप्रक्रिया तस्य सहमतिम् विना एव कृता, अतः सा बलात् कार्यरूपेण द्रष्टव्या।

आन्दोलनेन सह सम्बद्धस्य संस्थायाः प्रतिनिधिभिः दावितं यत् दिल्ली उच्चन्यायालयेन केवलं तस्य स्वास्थ्यस्य निरीक्षणार्थं निदेर्शाः निर्गताः, न तु कस्यापि प्रकारस्य बलात् चिकित्साहस्तक्षेपस्य अधिकृतता। तेषां मतं यत् वाङ्गचुक नियमितरूपेण चिकित्सापरीक्षां कुर्वन् आसीत्, तस्य स्वास्थ्यप्रतिवेदनानि सार्वजनिकरूपेण साझां क्रियन्ते स्म; एवं च पुलिसं तं चिकित्सालयं नेतुम् न्यायालयस्य आदेशस्य दुर्व्याख्यां भवति, न्यायालयस्य अवमानना च भवति। अस्मिन् विषये कानूनी विकल्पाः अपि विचार्यन्ते। अस्मिन् समये केचन छात्राः आरोपितवन्तः यत् पुलिसैः स्थले आन्दोलनकारिभिः सह कठोरव्यवहारः कृतः। केचन छात्राः लाठी-चार्जः अभवत् इति अपि दावान् कृतवन्तः। परन्तु एतेषां आरोपानाम् आधिकारिकपुष्टिः पुलिसैः न कृता। प्रशासनं कथयति यत् सम्पूर्णं कार्यं विधिना न्यायालयस्य निदेर्शानुसारं च कृतम्, तथा च कस्यापि अव्यवस्थायाः निवारणाय आवश्यकानि पदानि गृहीताः। इदानीं सामाजिककार्यकर्ता अन्ना हजारे इत्यनेन सम्पूर्णस्य प्रकरणस्य विषये चिन्ता प्रकटिता।

## पेन्शनभोक्तृभ्यः डियरनेस् रिलीफ इत्यस्य दीर्घप्रतीक्षां

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

राकेश डी. पी. मध्यप्रदेश विद्युत्कर्मचारि संघसङ्घस्य महासचिवः पाठकः मुख्यमन्त्री डॉ. मोहनयादवस्य उपक्रमेण महत्त्वपूर्णः, दीर्घकालीनः विषयः निराकृतः इति उक्तवान् अस्य निर्णयस्य स्वागतं कृतवान्। तस्य मते धारा ४९(६) सम्बद्धेन संकल्पेन पेन्शनभोक्तृभ्यः डियरनेस् रिलीफ इत्यस्य दीर्घप्रतीक्षां न सहितुं प्रवृत्ता भविष्यति, नियमितकर्मचारिणां सममूल्यं च समये लाभं प्राप्स्यति। महासंघः टिप्पणीं करोति यत् २००० तमे वर्षे मध्यप्रदेशस्य पुनर्गठनात् परं अस्य खण्डस्य व्याख्यासम्बद्धः विवादः अद्यापि वर्तते स्म उभयराज्येन निर्गतः संयुक्तः आदेशः इदानीं व्यवस्थायां स्पष्टतां आनयिष्यति, दीर्घकालीनम् एतां विसंगतिं।

## राशिफल

**मेष** : आज के दिन पैसों का लेन-देन समझदारी से करें। आपकी हेल्थ का मामला ठीक रहेगा।

**वृषभ** : आपके प्रेम जीवन में कुछ छोटी-मोटी उथल-पुथल हो सकती है, जिन्हें तुरंत सॉल्व करने की जरूरत है।

**मिथुन** :आज के दिन अपने रिश्ते में सकारात्मक रवैया बनाए रखें। ऑफिस में अहंकार को दूर रखें और अपने लक्ष्यों पर ध्यान दें।

**कर्क** : ऑफिस की पॉलिटिक्स से दूर रहें। आपको इसके अच्छे नतीजे देखने को मिलेंगे।

**सिंह** : अपने रिलेशन को मजबूत बनाने के लिए अपने पार्टनर के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने के बारे में भी सोच सकते हैं।

**कन्या** : सेहत के लिहाज से आप पूरी तरह ठीक हैं और आपको कोई बड़ी बीमारी नहीं परेशान कर सकेगी।

**तुला** : आज के दिन आपका स्वास्थ्य नॉर्मल रहेगा। आज के दिन आप करियर के मामले में नए काम हाथ में ले सकते हैं।

**वृश्चिक** : अपनी लव लाइफ से जुड़ी पिछली दिक्कतों को सॉल्व करने के लिए कदम उठाएं।

**धनु** : स्वास्थ्य, दोनों ही अच्छी सिचूऐशन में रहेंगे। पार्टनर के साथ किसी भी तरह की बहस में न पड़ने की कोशिश करें।

**मकर** : आज बिना सोचे-समझे खर्च करने से बचें। आज के दिन आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कुंभ** : प्रोफेशनल लाइफ को प्रोडक्टिव बनाए रखने का ध्यान रखें। रिलेशन को स्ट्रॉंग बनाए रखें।

**मीन** : अपनी लव लाइफ में अपनी ईमानदारी को जाहिर होने दें। ऑफिस में जरूरी काम संभालते समय प्रोफेशनल रवैया अपनाएं।

## ज्योतिष/वास्तु

# 29 जुलाई से शुक्र बदलेंगे नक्षत्र, 5 राशियों के लिए खुलेंगे सफलता और सुख के नए रास्ते

वैदिक ज्योतिष के अनुसार शुक्र ग्रह का नक्षत्र परिवर्तन धन, करियर, प्रेम और सुख-सुविधाओं पर विशेष प्रभाव डालता है। 29 जुलाई 2026 को शुक्र उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे, जिसका शुभ प्रभाव कुछ राशियों पर देखने को मिल सकता है।

वैदिक ज्योतिष में शुक्र ग्रह को सुख, वैभव, प्रेम, सौंदर्य, भौतिक सुविधाओं और ऐश्वर्य का कारक माना जाता है। जब भी शुक्र अपनी राशि या नक्षत्र बदलते हैं, तो उसका प्रभाव सभी 12 राशियों पर पड़ता है। जिन जातकों की कुंडली में शुक्र की स्थिति अनुकूल होती है, उनके जीवन में धन, करियर, रिश्तों और सुख-सुविधाओं से जुड़े मामलों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। द्रिक पंचांग के अनुसार, 29 जुलाई 2026 को शुक्र पूवार्फाल्गुनी नक्षत्र से निकलकर उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। ज्योतिषाचार्य हर्षवर्द्धन शांडिल्य के अनुसार, शुक्र का यह नक्षत्र परिवर्तन कुछ राशियों के लिए विशेष रूप से शुभ रहने वाला है। इस दौरान करियर में उन्नति, व्यापार में नए अवसर, आर्थिक लाभ, निवेश से मुनाफा और पारिवारिक जीवन में सुखद बदलाव देखने को मिल सकते हैं। आइए जानते हैं किन 5 राशियों के लिए शुक्र का यह नक्षत्र गोचर सफलता और समृद्धि के नए द्वार खोल सकता है।



**वृषभ राशि-** वृषभ राशि के स्वामी स्वयं शुक्र हैं, इसलिए यह नक्षत्र परिवर्तन आपके लिए काफी लाभकारी साबित हो सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य दोबारा गति पकड़ेंगे और कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत की सराहना होगी। नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां या पदोन्नति के अवसर मिल सकते हैं। व्यापारियों को नए ग्राहक और लाभदायक सौदे मिलने की संभावना है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और निवेश से भविष्य में अच्छा लाभ मिलने के संकेत हैं। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी तथा जीवनसाथी के साथ रिश्ते पहले से अधिक मजबूत होंगे। अविवाहित लोगों के विवाह की बात आगे बढ़ सकती है। स्वास्थ्य भी सामान्य से बेहतर रहने की संभावना है।

**सिंह राशि-** शुक्र का उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में प्रवेश सिंह राशि के जातकों के आत्मविश्वास और व्यक्तित्व में सकारात्मक निखार ला सकता है। करियर में नई शुरूआत या प्रमोशन के योग बनेंगे। नौकरी बदलने की सोच रहे लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। व्यापार में बड़ी डील या नए प्रोजेक्ट मिलने की संभावना है। आर्थिक स्थिति पहले से अधिक मजबूत होगी और पुराने निवेश लाभ दे सकते हैं। पारिवारिक जीवन में सम्मान बढ़ेगा तथा जीवनसाथी के साथ भविष्य की योजनाओं पर चर्चा हो सकती है। घर, वाहन या किसी बड़ी संपत्ति की खरीदारी का भी योग बन सकता है।

**कन्या राशि-** कन्या राशि के जातकों के लिए शुक्र का यह नक्षत्र परिवर्तन नए अवसर लेकर आ सकता है। रुके हुए सरकारी कार्य पूरे होने की संभावना है। नौकरी में बदलाव या नई नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को शुभ समाचार मिल सकता है। विदेश से जुड़े कार्यों में भी सकारात्मक परिणाम मिलने के संकेत हैं। व्यापार में नई रणनीतियां लाभ दिला सकती हैं और खर्चों पर नियंत्रण रहेगा। बचत बढ़ाने में सफलता मिलेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा और बड़े भाई या पिता से लाभ प्राप्त हो सकता है। विद्यार्थियों को नई स्किल सीखने और प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

**तुला राशि-** तुला राशि के स्वामी भी शुक्र हैं, इसलिए यह गोचर आपके लिए राहत और प्रगति के संकेत लेकर आ सकता है। आर्थिक दबाव धीरे-धीरे कम होगा और आय के नए स्त्रोत बन सकते हैं। नौकरी में आपकी मेहनत रंग लाएगी तथा टीम के साथ तालमेल बेहतर रहेगा। व्यापार में पुराने ग्राहक दोबारा जुड़ सकते हैं और रुका हुआ धन वापस मिलने की संभावना है। प्रेम और वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। घर में कोई शुभ कार्य या बड़ी खरीदारी की योजना बन सकती है। फैशन, मीडिया, डिजाइन और क्रिएटिव क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए यह समय विशेष रूप से अनुकूल रहेगा।

**मकर राशि-** मकर राशि के जातकों के लिए यह नक्षत्र परिवर्तन मेहनत का सकारात्मक परिणाम लेकर आ सकता है। करियर में उन्नति के अवसर मिलेंगे और नई नौकरी या प्रमोशन की संभावना बन सकती है। व्यापार विस्तार की योजनाएं सफल होंगी तथा नई डील फाइनल हो सकती है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और निवेश से लाभ मिलने के संकेत हैं। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा और किसी मांगलिक कार्य की योजना बन सकती है। संपत्ति से जुड़े मामलों में भी सफलता मिल सकती है। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा और आपके विचारों को महत्व मिलेगा।

**मीराबाई चानू और लवलीना बोरगोहेन ने तिरंगा लेकर भारतीय दल की अगुआई की, किंग चार्ल्स ने किया उद्घाटन**

# कॉमनवेल्थ गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी

ब्रह्मास्त्र ›› ग्लासगो

कॉमनवेल्थ गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी स्कॉटलैंड के ग्लासगो में हुई। ओवो हाइड्रो एरिना में दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट वेटलिफ्टर मीराबाई चानू और टोक्यो ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन ने तिरंगा लेकर 125 सदस्यीय भारतीय दल की अगुआई की।

ब्रिटेन के किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला ने खेलों का उद्घाटन किया। इसके बाद भारत समेत 74 देशों के खिलाड़ियों ने मार्च-पास्ट में हिस्सा लिया।

भारत के लिए खेलों की शुरूआत भी शानदार रही। उद्घाटन समारोह से पहले ही भारतीय खिलाड़ियों ने लॉन बॉल्स में दो जीत दर्ज कर विजयी आगाज किया। पुतुल सोनोवाल ने वर्ल्ड चैम्पियन कनाडा के रेयान बेस्टर को मात दे दी। महिला डबल्स में रूपा रानी तिर्की और पिंकी ने भी अपना पहला मैच जीता। भारतीय जोड़ी ने ग्रुप बी के मैच में माल्टा की रिक्कसन बहनों (रेबेका लुईस और कोनी-लेघ) को टाईब्रेकर में हराया। वहीं भारतीय ध्वजवाहक लवलीना बोरगोहेन महिला 75 किलोग्राम वर्ग में सीधे सेमीफाइनल में पहुंचने के कारण बिना मुकाबला खेले ही कम से कम ब्रॉन्ज पक्का कर चुकी हैं।





### स्कॉटलैंड की संस्कृति से हुई शुरूआत किंग चार्ल्स ने किया उद्घाटन

ओपनिंग सेरेमनी की शुरूआत स्कॉटलैंड की संस्कृति, इतिहास और विरासत के विशेष वीडियो से हुई। इसके बाद किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला एरिना पहुंचे। उनके साथ प्रधानमंत्री एंडी बर्नहैम भी मौजूद रहे। यूनाइटेड किंगडम का राष्ट्रगान 'गॉड सेव अवर किंग' प्रस्तुत किया गया और फिर एक-एक कर सभी 74 देशों और क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने मार्च-पास्ट किया।

### भारत 125 खिलाड़ियों के साथ उतरा

23 जुलाई से 2 अगस्त तक चलने वाले इन खेलों में भारत 125 खिलाड़ियों का दल भेजा है। ओपनिंग सेरेमनी ग्लासगो के ओवो हाइड्रो एरिना में हुई, जहां करीब 13 हजार दर्शक मौजूद रहे। भारतीय दल इस बार एथलेटिक्स, मुक्केबाजी, वेटलिफ्टिंग, लॉन बॉल्स समेत 10 खेलों में चुनौती पेश करेगा।

### बैगपाइप की धुन पर झूमे दर्शक

मार्च-पास्ट खत्म होने के बाद स्कॉटलैंड की संस्कृति और विरासत को दशार्ने वाला कार्यक्रम हुआ। पारंपरिक बैगपाइप की धुन, स्थानीय कलाकारों के संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उद्घाटन समारोह को यादगार बना दिया।

## साउथ अफ्रिका 20 का 5वां सीजन 17 जनवरी से शुरू होगा

ब्रह्मास्त्र ›› गकेबरहा

साउथ अफ्रीका की प्रमुख टी-20 लीग रअ20 के पांचवें सीजन के शेड्यूल का ऐलान कर दिया गया है। टूर्नामेंट की शुरूआत 17 जनवरी से होगी। पहला मुकाबला गकेबरहा के सेंट जॉर्ज पार्क में डिफेंडिंग चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप और प्रिटोरिया कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। यह मुकाबला पिछले सीजन के फाइनल का री-मैच होगा,जहां दोनों टीमें आमने-सामने थीं। लीग कमिश्नर ग्रीम स्मिथ ने नए सीजन के शेड्यूल की घोषणा करते हुए कहा कि नए सीजन की शुरूआत उन्हीं दो टीमों के मुकाबले से करना सबसे मुफीद है। प्रिटोरिया कैपिटल्स ने अपने मैनेजमेंट और लीडरशिप में बदलाव किया है। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को टीम का नया हेड कोच बनाया गया है,जबकि साउथ अफ्रीकी स्पिनर केशव महाराज टीम की कप्तानी संभाल रहे हैं।

# वैभव बने टी-20 इंटरनेशनल के सबसे युवा हाफ सेंचुरियन




### भारत ने जिम्बाब्वे को 7 विकेट से हराया, श्रेयस की कप्तानी में पहली जीत

ब्रह्मास्त्र ›› हरारे

भारत ने पहले टी-20 में जिम्बाब्वे को 7 विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। हरारे में जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 125 रन बनाए। जवाब में भारत ने 13.2वें ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। वैभव सूर्यवंशी ने 15 साल 118 दिन की उम्र में अर्धशतक जड़कर इतिहास रच दिया। वे टी-20 इंटरनेशनल में फिफ्टी लगाने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बन गए। उन्होंने जिब्राल्टर के लुई ब्रूस का रिकॉर्ड तोड़ा। ब्रूस ने 16 साल 56 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी। यह श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारत की पहली जीत भी रही। इससे पहले उन्हें आयरलैंड सीरीज में 2-0 और इंग्लैंड सीरीज में 4-0 से हार का सामना करना पड़ा था।

## खबर एक नजर...

### 11 साल बाद हिरासत में आया फरार स्थायी वारंटी

**उज्जैन।** 11 साल पहले नरवर थाना क्षेत्र में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने रमेश पिता खेमाजी निवासी गलचा बस्ती, हामूखेड़ी को गिरफ्तार किया था। न्यायालय से जमानत मिलने के बाद वह प्रकरण की सुनवाई के दौरान उपस्थित नहीं होकर फरार हो गया था। उसके खिलाफ न्यायालय ने स्थायी वारंट जारी किया था। पुलिस लगातार उसकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी। लेकिन वह हर बार चकमा देकर भाग निकलता था। 11 साल बाद थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने उसकी गिरफ्तारी की योजना बनाई और टीम को अलर्ट किया। बुधवार रात पुलिस ने उसकी घेराबंदी कर हामूखेड़ी से हिरासत में ले लिया। जिसे गुरूवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### गौंड बस्ती में मल्टी की तीसरी मंजिल से गिरा युवक

**उज्जैन।** महाकाल क्षेत्र की गौंड बस्ती स्थित मल्टी में विकास पिता दिनेश 20 साल तीसरी मंजिल पर रहता है। गुरूवार को उसके घर की लाइट बंद हो गई थी। शाम को लौटने पर उसने लाइट चालू करने का प्रयास किया और अपने घर की गैलेरी में ऊंचाई पर चढ़कर तार जोड़ने लगा, उसी दौरान संतुलन बिगड़ने से तीसरी मंजिल की गैलरी से जमीन पर आ गिरा। उसे सिर, चेहरे और शरीर में अंदरूनी चोंट लगी, वह उठ नहीं पाया। मां उसे चरक अस्पताल लेकर पहुंची, डॉक्टरों ने भर्ती कर उपचार शुरू किया है। विकास बोल नहीं पा रहा था। मां का कहना था कि उसे गैलरी में चढ़ने से रोका था लेकिन वह नहीं माना। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा युवक के ऊंचाई से गिरने की सूचना महाकाल थाना पुलिस को दी है।

### बालिका से दुष्कर्म मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**उज्जैन।** इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम में रहने वाली बालिका 11 जुलाई को लापता हो गई थी। परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई। मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने तलाश शुरू की। 2 दिन बाद तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने बालिका को ग्राम पंडकपाड़ा बदनावर से दस्तयाब कर लिया। बालिका को भगाकर ले जाने वाला आरोपी पुलिस को देख भाग निकला था। बालिका के मिलने पर उसके बयान दर्ज किये गये। बालिका ने बताया कि उसे हीरालाल अपने साथ ले गया था और गलत काम किया है। पुलिस ने अपहरण के मामले में दुष्कर्म की धारा का इजाफा किया और आरोपी की तलाश शुरू की। थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने बताया कि 22 जुलाई की रात सूचना मिलने पर पंडकपाला भैरूपाड़ा बदनावर में दबिश देकर फरार आरोपी हीरालाल पिता अशोक निनामा को गिरफ्तार किया गया। जिसे गुरूवार दोपहर बड़नगर कोर्ट में पेश किया गया।

### देवासरोड पर फिर दुर्घटना में बाइक चालक की मौत

**उज्जैन।** फोरलेन होने के बाद देवासरोड पर वाहनों की रफ्तार काफी बढ़ गई है। जिसके चलते आये दिन दुर्घटना होना सामने आ रहा है। बुधवार-गुरूवार रात फिर हुई दुर्घटना में बाइक सवार की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दुर्घटनास्थल कड़छा फंटा रहा। मृतक बाइक सवार की पहचान किशन पिता रमेशचंद्र कुमावत 36 साल निवासी ग्राम माधोपुरा के रूप में हुई। गुरूवार सुबह अस्पताल पुलिस चौकी द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि किशन गांव में किराना और टायर की दुकान चलाता था। वह सामान लेकर रात में घर लौट रहा था। चौकी पुलिस के अनुसार टक्कर मारने वाला वाहन अज्ञात होना सामने आया है। जांच के लिये मर्ग डायरी नरवर थाना पुलिस को सौंपी जायेगी। रात में हुई दुर्घटना से पहले देवासरोड पर बुधवार सुबह नागझिरी थाना क्षेत्र की अभिलाषा कालोनी के आगे स्कोडा शोरूम के सामने बाइक सवार नारायणदास पिता ओमप्रकाश टेकनानी 64 साल निवासी प्रेम एवेन्यू चिमनगंज को बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी। नारायणदास की अस्पताल पहुंचने से पहले मौत हो गई थी। इससे पहले भी देवासरोड पर नरवर और नागझिरी थाना सीमा में कई दुर्घटना होना सामने आ चुका है।

### बदमाश बोला गांव में रहना है तो देना होगें 5 लाख

**उज्जैन।** उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम लेकोड़ा आंजना में रहने वाले राजू उर्फ राजेश पिता मांगूनाथ कालबेलिया 35 साल के घर देर शाम गांव में रहने वाला जितेन्द्र नाथ आया और बोला कि गांव के मकान में रहना है तो 5 लाख रुपए देना होगें। राजूनाथ के मना करने पर आरोपी जितेन्द्र ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चला गया। राजू ने अपने साथ हुई घटना की शिकायत थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने रंगदारी का प्रकरण दर्ज कर गुरूवार सुबह आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 578-0 | 226-0 |
| मेन बाजार | 137-1 | 139-3 |
| मिलन डे | 279-8 | 279-8 |
| मिलन नाइट | 499-2 | 113-5 |

1 5 6

---

इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजा तो पुलिस को मिली खबर

# 15 साल बालक को ले गई थी 18 साल की युवती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



प्यार उम्र नहीं देखता... ऐसा ही मामला जयसिंहपुरा से सामने आया है। 15 वर्षीय बालक के प्यार में शादी का सपना संजोय 18 साल की युवती उसे अपने साथ ले गई। पुलिस जांच में पुलिस जांच में दोनों के साथ होने का मैसेज युवती के इंस्टाग्राम पर मिला। जिसके आधार पर उन्हे खोज निकाला गया।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि जयसिंहपुरा में रहने वाला 15 साल का बालक 13 जुलाई को लापता हो गया था। परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई, तभी पता चला की क्षेत्र में रहने वाली 18 साल की युवती भी लापता है। युवती के परिजन भी थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच शुरू की तभी युवती के इंस्टाग्राम पर दोनों के साथ होने का मैसेज मिला कि अपनी मर्जी से साथ निकले है, शादी कर ली है। पुलिस ने इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजा और दोनों से उज्जैन लौटने की बात कही, वहीं किसी के द्वारा परेशान नहीं करने का हवाला दिया गया। 22 जुलाई को दोनों के लौटते ही पुलिस ने उन्हे अभिरक्षा में लिया और पूछताछ के लिये थाने लेकर आई। जहां उनका कहना था कि मंदिर में शादी रचा ली है। पुलिस ने दस्तावेज और फोटो मांगे तो नहीं दिखाये। बालक के नाबालिग होने और युवती खुशी पिता प्रवेश माली 18 साल निवासी जयसिंहपुरा द्वारा उसे बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में वैधानिक कार्रवाई कर मामला दर्ज किया गया।

#### जन्मदिन में जाने का बोला था बालक

बालक के लापता होने पर थाने पहुंचे परिजनों ने बताया था कि पुत्र महाकाल कॉरिडोर के पास दुकान से अपने मित्र के जन्मदिन समारोह में जाने की बात कहकर निकला था। जिसके बाद से वापस नहीं लौटा है। सभी रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश कर लिया गया है। कहीं कुछ पता नहीं चल रहा है। वहीं युवती के परिजनों ने बताया कि बिना बताये घर से गई है। संभवतः उसे अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है।

#### दोनों आपस में बन गये थे रिश्तेदार

मामले के जांच अधिकारी एएसआई बलराम जाट ने बताया कि बालक और युवती का परिवार कुछ समय पहले आपास में रिश्तेदार बन गये थे। बालक की बहन ने युवती के भाई से प्रेम विवाह कर लिया था। इस दौरान युवती की अपनी भाभी के भाई पहचान हो गई थी। बालक भी युवती की बातों में आ गया था। दोनों लापता होने के बाद गुजरात पहुंचे थे, जहां रेलवे स्टेशन पर दिन व्यतीत कर रहे थे। उसी दौरान इंस्टाग्राम पर मैसेज पोस्ट किया गया था।

#### लापता होने पर अपहरण का केस

पुलिस द्वारा लगातार बालक-बालिका, महिला-पुरूष से लेकर बुजुर्गो के लापता होने के मामले सामने आने पर गुमशुदगी के स्थान पर सीधे अपहरण के मामले दर्ज करना शुरू कर दिया। शिकायत मिलते ही अपहरण की धारा में प्रकरण दर्ज कर गंभीरता के साथ जांच की जा रही है और मामलों में किसी के दोषी मिलने पर सख्त एक्शन लिया जा रहा है।

---

गैंग के 10 सदस्यों से 2 दिन की रिमांड पर पूछताछ

# हनीट्रेप गर्ल्स भोपाल में चलाती है कपड़ों की दुकान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर हनीट्रेप के जाल में युवक का फंसाने वाली युवती फरार है, वह भोपाल में मां के साथ कपड़ों की दुकान चलाती है। उसकी तलाश में पुलिस ने दबिश मारी थी, लेकिन गुरूवार को भी गिरफ्त में नहीं आ सकी। उसकी गैंग के 10 सदस्यों को पूछताछ के लिये 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

20 जुलाई को नानाखेड़ा थाने पहुंचे नरवर के हैदर पटेल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि इंस्टाग्राम पर चार दिनो पहले सिहोर की रहने वाली अंजली ठाकुर से दोस्ती हुई थी। उसने काम दिलाने की बात कहीं थी, 18 जुलाई को वह उज्जैन आई थी। उसके साथ इंदौररोड तपोभूमि के पास से गुजर रहा था, उसी दौरान कार से आये कुछ लोगों ने उसे हिन्दू युवती के साथ होने का दबाव बनाकर मारपीट की थी और बंधक बना लिया था। उसे अज्ञात स्थान पर रखा गया और युवती के साथ अश्लील वीडियो बनाकर फिरौती के रूप में 50 लाख मांगे। 26 लाख में बात तय हुई और परिजनों ने 10 लाख दिये। 16 लाख के एवज में उसकी कार, चेन और घड़ी रख ली है। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर बुधवार को मामले से जुड़े 10 आरोपियों लोकेश पिता राजेश शर्मा पंवासा, राजपाल पिता जालमसिंह राठौड़ ग्राम जहांगीरपुर इंगोरिया, पंकज पिता गजानंद बमोरिया अवंतिपुरा, यशवंत पिता जगदीश देवड़ा, आर्यन पिता मुकेश राठौर तिरुपतिधाम, लखन पिता नारायणसिंह पंवार ग्राम पिपलिया डाबी उन्हेल, इदरीश पिता दिलीप पटेल नरवर, इमरान उर्फ राजा पिता खाजू पटेल, जयसिंह पिता अजबसिंह चौहान निवासी बदरखां और आयुष पिता दिनेश जाटवा निवासी भैरूनाला उज्जैन को गिरफ्तार कर लिया था। अंजली और उसका एक साथी दीपक राजपूत फरार हो गये थे।

नानाखेड़ा थाना पुलिस की टीम अंजली की जानकारी जुटाकर भोपाल पहुंची। जहां सामने आया कि वह मां के साथ कपड़ो की दुकान चलाती है। उसके पिता नहीं है। पुलिस ने अंजली की गिरफ्तारी के प्रयास किये लेकिन वह भोपाल से लापता होना सामने आई। इधर पुलिस ने गिरफ्त में आये 10 आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया है। आरोपियों से अब तक 5 लाख रुपए और 2 कार बरामद हो चुकी है। नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव के अनुसार मामले की जांच जारी है। जल्द अंजली और फरार साथी दीपक को भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

#### लोकेश से उज्जैन में हुई थी पहचान

बताया जा रहा है कि हनीट्रेप गर्ल्स के उज्जैन में रिश्तेदार रहते है। उसका उज्जैन आना-जाना लगा रहता था। एक शादी समारोह के दौरान उसकी लोकेश शर्मा से पहचान हुई थी। लोकेश ने खुद को हिन्दू दबंग सेना संगठन का मुखिया बताया था। लोकेश ने हनीट्रेप गर्ल्स को शार्ट कट से ज्यादा पैसा कमाने के चक्कर में अपनी गैंग में शामिल कर लिया था। मामला उजागर होने के बाद अंजली ने अपनी इंस्टाग्रमा आईडी को बंद कर दिया है। उसमें अपलोट फोटो-वीडियो भी डिलिट कर दिये है।

### नाबालिग का आटो चलाते सामने आया वीडियो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नाबालिग द्वारा आटो चलाते वीडियो सामने आने पर यातायात पुलिस ने संज्ञान लिया और नम्बर ट्रेस कर आटो जप्त कर लिया। आटो मालिक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

यातायात पुलिस ने बताया कि ट्रैफिक हेल्पलाइन नाबालिग द्वारा स्टंट करते आटो चलाने का वीडियो सामने आया था, नाबालिग के साथ ड्रायवर सीट पर एक व्यक्ति बैठा था जो उससे आटो चलवा रहा था। आटो में 2 सवारी बैठी थी। आटो का नम्बर एमपी 13 एएफ 7029 ट्रेस किया गया और गुरूवार को उसे जप्त कर लिया गया। आटो मालिक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है जिसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा। आटो जप्त होने पर मालिक द्वारा हाथ जोड़कर माफी मांगी गई और भविष्य में ऐसी गलती नहीं करने की बात कहीं। उसने दूसरे आटो मालिकों से अपील करते हुये कहा कि कोई भी नाबालिग से वाहन ना चलवाये। शहर में आटो और ई-रिक्शा की तादात हजारों में पहुंच गई है। दिन-रात नाबालिग चलाते दिखाई दिखाई दे रहे है। जिनके पास लायसेंस भी नहीं होता है। कई बार ई-रिक्शा पलटने की खबरे भी सामने आ चुकी है। पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई करने के बावजूद भी शहर में नाबालिगों द्वारा संचालन किया जा रहा है।

### एक्सीस बैंक के एटीएम में घुसा नकाबपोश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

एक्सीस बैंक के एटीएम में नकाबपोश घुस गया, उसने गड़बड़ी करने की कोशिश की। एटीएम बंद हो गया, बैंक को जानकारी मिली तो कैमरे देखे गये। युवक की हरकत देख मामले की शिकायत पुलिस से की गई।

माधवनगर थाना क्षेत्र के आश्रम होटल के नीचे एक्सीस बैंक का एटीएम लगा हुआ है। 11 जुलाई की शाम एटीएम ने काम करना बंद कर दिया, उस दिन शनिवार का अवकाश था, दूसरे दिन रविवार का अवकाश आ गया। सोमवार को एटीएम से रुपए नहीं निकले की जानकारी बैंक को मिली। मुख्यालय में कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसमें सामने आया कि शाम 5 बजे के लगभग एक नकाबपोश घुसा था, उसने एटीएम में गड़बड़ी करने की कोशिश की और कुछ स्प्रे किया, जिससे एटीएम बंद हुआ है। फुटेज सामने आने के बाद मामले की शिकायत लिखित में माधवनगर थाना पुलिस को बैंक की स्थानीय ब्रांच अधिकारी द्वारा की गई है। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों में शहर में 6 से 7 बैंकों के एटीएम बंद हुये है। जिसमें गड़बड़ी के प्रयास किये गये। कुछ एटीएम में फेविक्यूट डाला गया था। पुलिस अब पता लगाने में जुटी है कि यह शरारत है या फिर किसी के द्वारा बड़ी वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया जा रहा है।

## इंजीनियर को फेसबुक पर युवती से भारी पड़ी दोस्ती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ऑनलाइन फ्रॉड के जाल में इंजीनियर फंस गया। फेसबुक पर युवती से हुई दोस्ती के चक्कर में 48 हजार से अधिक का ट्रांजेक्शन कर दिया। ठगी का आभास पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि शिक्षक कालोनी विधानगर में रहने वाले इंजीनियर विवेकानंद पिता भास्कर मिश्रा 32 साल के साथ हुई ऑनलाइन 48 हजार 500 की धोखाधड़ी के मामले में अज्ञात महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। इंजीनियर ने शिकायत में बताया कि उसकी कुछ समय पहले फेसबुक पर लंदन के बर्निंघम में रहने वाली युवती से पहचान हुई थी। बातचीत का क्रम वाट्सएप वीडियो कॉल तक आ गया। युवती ने भारत आने की इच्छा जताई। 8 जुलाई को उसने मुम्बई एयरपोर्ट पहुंचने की बात कहीं और बताया कि उसे रोक लिया गया है, दस्तावेज कम होने पर पेलन्टी मांगी जा रही है। मुझे रूपयों की जरूरत है। उसकी बातों में आकर 48 हजार 500 का ट्रांजेक्शन किया। कुछ देर बाद फिर से रूपयों की मांग की गई, उसके पास ऑनलाइन केश नहीं था, वह डराने-धमकाने लगी।

नान खटाई की मिठास और पौधरोपण का संकल्प

## अनूठे अंदाज में मनाया दैनिक अवंतिका के प्रधान संपादक का जन्मदिन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



बचपन की यादों को किया ताजा, केक की जगह बांटी पारंपरिक नान खटाई

शहर के चर्चित समाचार पत्र दैनिक अवंतिका के प्रधान संपादक सुरेंद्र मेहता उर्फ सुमन का जन्मदिन इस बार योगेश्वरी टेकरी पर पूरी तरह लीक से हटकर मनाया गया। सुबह की शांत फिजाओं के बीच योगेश्वरी टेकरी शाखा के सभी साथी एकत्र हुए और मेहता का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आधुनिक केक काटने के बजाय बचपन के दिनों की याद दिलाने वाली पारंपरिक नान खटाई का स्वाद आपस में बांटा गया। ठहाकों और पुरानी यादों के बीच हुई इस अनूठी शुरूआत ने सभी के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी।

बचपन की इस महफिल के तुरंत बाद टेकरी परिसर में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधारोपण किया गया। इस दौरान एक बेहद गहरा और प्रेरणादायक संकल्प लिया गया कि केवल दिखावे या किसी की देखा-देखी के लिए पौधे लगाने या गरीबों की मदद करने की रस्म अदायगी नहीं होनी चाहिए। सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि जिस तरह इंसान अपने शरीर और खानपान का रोजाना ध्यान रखता है, वैसे ही लगाए गए हर एक पौधे की नियमित रूप से पानी देकर देखरेख करनी चाहिए। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, पौधे का भी विशाल पेड़ बनना तय होना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में यह कड़ा संदेश भी दिया गया कि जरूरतमंदों की मदद के लिए जो हाथ जन्मदिन के मौके पर उठते हैं, वे सिर्फ एक दिन या एक आयोजन तक सीमित न रहें। इंसान को अपनी सामर्थ्य और हैसियत के हिसाब से जरूरतमंदों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। इस आत्मीय आयोजन में अशोक मंडलोई, अनिल पांचाल, अशोक सुमन, सुरेश चौहान, योगेश शर्मा, हरिनारायण चौहान, भगवान गोयल, पवन जैन, बाबा भैया, हेमराज परमार और उत्तम मीणा सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

#### कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण

इस अनूठे जन्मदिन समारोह में केक काटने की पारंपरिक शैली को छोड़कर बचपन की यादें ताजा करने वाली नान खटाई का आनंद लिया गया और पौधों के संरक्षण तथा निरंतर जरूरतमंदों की सेवा करने का एक गहरा व प्रेरणादायक संकल्प लिया गया।

सुरक्षा किट के अभाव में लाइनमैनों की जान जोखिम में

# आउटसोर्स कर्मचारियों की सुरक्षा पर उठे सवाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बिजली व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने वाले लाइनमैन अपनी जान जोखिम में डालकर दिन-रात सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन कई स्थानों पर उन्हें पर्याप्त सुरक्षा किट उपलब्ध नहीं होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे बिजली लाइनों पर कार्य के दौरान दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है।

जानकारों के अनुसार विभाग के स्थायी लाइनमैनों को निर्धारित सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं, जबकि ठेके पर कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को सुरक्षा किट उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होती है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या सभी ठेकेदार अपने कर्मचारियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप हेलमेट, इंसुलेटेड ग्लव्स, सुरक्षा बेल्ट, सुरक्षा जूते तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करा रहे हैं या नहीं। यदि कर्मचारियों को पर्याप्त सुरक्षा उपकरण नहीं मिलते हैं तो बिजली लाइनों पर कार्य करते समय हादसों की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। दुर्घटना की स्थिति में सबसे अधिक प्रभावित कर्मचारी का परिवार होता है। अधिकांश लाइनमैन अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य होते हैं। ऐसे में किसी भी दुर्घटना के बाद पूरा परिवार आर्थिक और सामाजिक संकट का सामना करने को मजबूर हो जाता है। बिजली विभाग और संबंधित ठेकेदारों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने मांग की कि स्थायी और आउटसोर्स-दोनों प्रकार के कर्मचारियों को समान रूप से उच्च गुणवत्ता वाली सुरक्षा किट उपलब्ध कराई जाए तथा समय-समय पर उनकी सुरक्षा सामग्री का निरीक्षण भी किया जाए।

लाइनमैन हर मौसम और विषम परिस्थितियों में विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए कार्य करते हैं। इसलिए उनकी सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। यदि समय रहते सभी कर्मचारियों को मानकों के अनुरूप सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए, तो भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं की जिम्मेदारी संबंधित विभाग और ठेकेदारों की भी होगी।

#### सुरक्षा किट देना संबंधित कार्य की जिम्मेदारी

बिजली व्यवस्था को निर्माण रखने वाले लाइनमैन अपनी जान जोखिम में सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन कई जगहों पर पर्याप्त सुरक्षा किट न मिलने की सुविधाएं सामने आ रही हैं। विभागीय के अनुसार, स्थायी और आउटसोर्स कर्मचारियों की स्थिति अलग-अलग है। विभाग के स्थायी लाइनमैनों को आमतौर पर निर्धारित सुरक्षा उपकरण मिलते हैं, जबकि ठेके के पर काम करने वाले आउटसोर्स कर्मचारियों को सुरक्षा किट देना संबंधित कार्य की जिम्मेदारी होती है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या सभी कार्य अपने कर्मचारियों को मानकों के अनुरूप हेलमेट, इंसुलेटेड ग्लव्स, सुरक्षा बेल्ट, सुरक्षा शूज और अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करा रहे हैं या नहीं? अगर उपकरण नहीं मिलते तो हादसों का खतरा और बढ़ जाता है, और नुकसान कर्मचारियों व उनके परिवारों को छूना पड़ सकता है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com